
Postal Regn No./C.G/RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 278 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, बुधवार 08 अप्रैल 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज




## पीएम मोदी ने असम की संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहुंचाया : अमित शाह



**नईदिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को हैलाकांडी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए असम की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की पहल पर प्रकाश डाला और कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने असम के सांस्कृतिक प्रतीकों को वैश्विक मंच पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में असम की पारंपरिक 'गमोचा' को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली है। राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कांग्रेस नेता ने 'गमोचा' पहनने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नई दिल्ली में एक भव्य प्रतिमा स्थापित करके अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की विरासत का सम्मान किया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि उनकी वीरता को विश्व स्तर पर मान्यता मिले। चाय बागान श्रमिकों के भूमि अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने 707 चाय बागानों में लगभग 3.5 लाख परिवारों को भूमि स्वामित्व पट्टे प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 20 जिलों के 106 बागानों में यह प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। इस कदम का उद्देश्य चाय बागान समुदायों को सशक्त बनाना है। गृह मंत्री ने तीन तलाक को समाप्त करने सहित कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर भी जोर दिया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि असम सरकार ने शिक्षा सुधारों के तहत 402 मदरसों को प्राथमिक विद्यालयों में परिवर्तित कर दिया है। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) का समर्थन करते हुए शाह ने कहा कि यह बहुविवाह जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाकर समानता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने मतदाताओं से आगामी चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया ताकि राज्य में यूसीसी को लागू किया जा सके।

## बस्तर 2.0 की शुरुआतः मुख्यमंत्री साय ने पीएम मोदी को दिया आमंत्रण, विकास का ब्लूप्रिंट सौंपा

- बस्तर के लिए 360ए प्लान-टूरिज्म, स्टार्टअप, इंफ्रा और इनोवेशन पर फोकस



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बस्तर के भविष्य की एक नई तस्वीर पेश की। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने न केवल नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया, बल्कि बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट भी सौंपा। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि बस्तर समेत पूरे राज्य में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और अब शांति स्थापित है। शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के तहत नए एजुकेशन सिटी, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जबकि इंद्रावती नदी पर बैराज, रेल लाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ब्लूप्रिंट के जरिए बस्तर में अब विकास, रोजगार और बेहतर सुविधाओं का नया दौर शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने अपने विकास दस्तावेज़ में उल्लेख किया कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर के लिए देखा गया शांति और विकास का सपना अब जमीन पर साकार हो रहा है। नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब लोगों में डर नहीं, बल्कि उम्मीद और विकास की नई चमक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से बस्तर को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र में विश्वास और उत्साह बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विकास ब्लूप्रिंट 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' रणनीति पर आधारित है। इसके तहत बस्तर में बुनियादी सुविधाओं को तेजी से विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों के व्यापक जाल के माध्यम से दूर-दराज के गांवों को जोड़ा जाएगा।

## असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार थमा, 9 अप्रैल को मतदान




**नई दिल्ली।** असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम समाप्त हो गया। इन तीनों जगहों पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर एक साथ वोट डाले जाएंगे। तीनों राज्यों/केंद्रशासित प्रदेश में राजनीतिक दलों ने अंतिम समय तक जोरदार प्रचार किया। असम में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 5.75 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। 126 सीटों पर 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं और बहुमत का आंकड़ा 64 है। केरल में 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं। पुडुचेरी में 30 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा, जिनमें 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाताओं में करीब 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। चुनाव प्रचार समाप्त होने के साथ ही जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत 48 घंटे का 'साइलेंस पीरियड' लागू हो गया है।

## 'महीने के 3 दिन महिलाएं अछूत नहीं हो सकतीं' सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को लेकर एक अहम टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट की न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना ने धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई की। न्यायाधीश नागरत्ना ने कहा कि किसी महिला को महीने में तीन दिन 'अछूत' की तरह नहीं माना जा सकता और फिर चौथे दिन से उसे यह दर्जा मिलना बंद हो जाना चाहिए। याचिकाओं में विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा पर भी सवाल उठाए गए हैं।

## अमरावती बनी आंध्र प्रदेश की स्थायी राजधानी




**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की अमरावती को अब आधिकारिक और स्थायी राजधानी का दर्जा मिल गया है। इस संबंध में भारत सरकार ने सोमवार को गजट नोटिफिकेशन जारी किया। यह फैसला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी के बाद लिया गया, जिन्होंने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2026 को अनुमोदित किया था। यह विधेयक पिछले सप्ताह संसद से पारित हुआ था। कानून मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 को 2 जून 2024 से प्रभावी माना जाएगा। इस संशोधन से 2014 के आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव किया गया। अधिनियम के अनुसार, 'अमरावती' में आंध्र प्रदेश कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी अधिनियम, 2014 के तहत घोषित राजधानी क्षेत्र भी शामिल है।

## बिजली कटौती का विरोध...कांग्रेस ने घेरा गुढियारी बिजली-ऑफिस




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने बिजली कटौती और सहायता केंद्र में अनियमितता के विरोध में गुढियारी स्थित बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज करवाया।

यह घेराव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और गुढियारी के लोगों ने किया। सुबोध हरितवाल ने अधिकारियों को बाहर बुलाया और कहा कि मैं ष्ट कमरे में आकर बात नहीं करूंगा और उल्टा अधिकारियों को बाहर धूप में बुलाकर बात की। जिससे ष्ट में रहने वाले अधिकारी गर्मी से परेशान जनता की तकलीफ को महसूस कर सके। सुबोध हरितवाल ने बताया कि, रायपुर राजधानी होने बावजूद और राज्य में सरप्लस बिजली होने के बाद भी यहां पर लगातार बिजली कटौती जैसी समस्या से जनता को जूझना पड़ रहा है।

## छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को मानसिक तनाव दूर करने मिलेगा अवकाश

**विपश्यना ध्यान-शिविर में जाने के लिए मिलेगी 12 दिन की छुट्टी**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने, मानसिक तनाव कम करने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य के अधिकारी-कर्मचारी विपश्यना ध्यान के 10 दिवसीय आवासीय शिविर में भाग लेने के लिए विशेष अवकाश प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश के अनुसार, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों सहित राज्य सेवा के अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे सेवाकाल में अधिकतम 6 बार विशेष आकस्मिक अवकाश मिलेगा। हर शिविर के लिए यात्रा समय समेत अधिकतम 12 दिन का अवकाश स्वीकृत होगा। जरूरी शर्तें- आवेदन के साथ संबंधित विपश्यना केंद्र की तरफ से जारी एडमिशन लेटर लगाना अनिवार्य होगा। शिविर पूरा होने के बाद कंप्लीशन सर्टिफिकेट कार्यालय में जमा करना होगा। प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने पर अवकाश को अन्य अर्जित छुट्टियों में समायोजित कर दिया जाएगा। अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा, शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखकर दी जाएगी।

## उपचुनाव के बीच कांग्रेस में फिर मचा सीएम पद को लेकर बवाल



**बेंगलुरू।** डीके शिवकुमार ने हुबली हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री पद को लेकर मीडिया के सवाल पर कहा- वक्त हर सवाल का जवाब देगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि नेतृत्व परिवर्तन पर केवल उनका और मुख्यमंत्री का बयान ही मायने रखता है, किसी अन्य का नहीं। कर्नाटक में दो सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं। इस बीच, राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर फिर बवाल खड़ा हो गया है। सियासी गलियारों में पिछले कई दिनों से यह चर्चा है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को कर्नाटक में कांग्रेस मुख्यमंत्री बना सकती है। हालांकि, फिलहाल यह अटकलें हैं। वहीं, राज्य में ईंधन की स्थिति पर उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों से ईंधन लेकर आ रहे दो जहाज गुजरात चले गए, न कि मंगलुरु या केरल के बंदरगाहों पर आए। उन्होंने केंद्र पर सिर्फ उत्तर भारत की तरफ ध्यान देने और दक्षिण भारत की अनदेखी करने का आरोप लगाया। हुबली हवाई अड्डे पर मंगलवार को मीडिया द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री बनेंगे, इसके जवाब में शिवकुमार ने कहा- वक्त हर सवाल का जवाब देगा।



# गरीबों से दूर 'स्वेच्छानुदान', बीजेपी कार्यकर्ताओं और आयकरदाताओं तक पहुंची राहत राशि

### जरूरतमंदों की जगह समर्थकों को लाभ देने के आरोप,

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** राज्य में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान राशि के वितरण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि यह सहायता राशि,जो मूलत: गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए निर्धारित होती है,वह वास्तविक पात्रों तक नहीं पहुंच रही है। इसके विपरीत,यह राशि कथित रूप से बीजेपी से जुड़े लोगों और आयकरदाताओं तक पहुंचाई जा रही है। स्थानीय स्तर पर सामने आई शिकायतों के अनुसार कई ऐसे लोगों को स्वेच्छानुदान का लाभ मिला है, जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं और नियमित रूप से आयकर का भुगतान करते हैं।वहीं दूसरी ओर, गरीब तबके के कई जरूरतमंद लोग इस योजना से वंचित रह गए हैं।इससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

सूत्रों का कहना है कि राजनीतिक प्रभाव और सिफारिश के आधार पर सूची तैयार की जा रही है, जिससे पात्रता के मापदंडों की अनदेखी हो रही है। इस मामले को लेकर जरूरतमंद लोगों ने भी मोर्चा खोल दिया है और पारदर्शिता की मांग की है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं,तो यह गरीबों के हक पर सीधा डाका है।

सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य ही गरीबों की मदद करना है, लेकिन अगर यही योजना पक्षपात का शिकार हो जाए, तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

अब देखना होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले में क्या कदम उठाता है और क्या वास्तव में जरूरतमंदों तक उनका हक पहुंच पाता है या नहीं।

गरियाबंद जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्वेक्षा अनुदान की एक लिस्ट शहर के गलियों में घूमती नजर आई जिसमें नगर के गरीब दवे कुचले वर्ग और बीमार,अत्यंत लाचार आर्थिक रूप से कमजोर लोगो का नाम देख नगर के लोग हैरान रह गए। और अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह तो भाजपा के कार्यकर्ताओ को एक वर्ष मे मिलने वाले बोनस कि तरह लग रहा है। लोगो ने कहा कि यह जिनके नाम इस अनुदान लिस्ट मे शामिल किये गए है वह लोग गरीबो के हिस्से कि रोटी लूट रहे है। दरअसल स्वेक्षा अनुदान के लिए पात्र ही वह व्यक्ति होता है जो सही मे गरीब लाचार बेबस हो। इसे पाने के लिए कंही भी पार्टी कार्यकर्ता होने कि शर्त नहीं है।

## बूथ 99 पर कांग्रेस की बड़ी सेंध, बीजेपी के 20 कार्यकर्ताओं ने बदला पाला

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** राजिम क्षेत्र की राजनीति में उस समय बड़ा मोड़ आ गया जब बूथ क्रमांक 99 पर आयोजित संगठनात्मक बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा। बैठक के बीच ही बीजेपी के 20 सक्रिय कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया, जिससे इलाके का सियासी माहौल अचानक गरमा गया।



बैठक में मुख्य रूप से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला की मौजूदगी में बीजेपी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक रूप से कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा कर दी। कांग्रेस नेताओं ने सभी नवप्रवेशी सदस्यों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे पार्टी की जनहितकारी नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया है। उनका मानना है कि कांग्रेस आम जनता के मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाती है।

कांग्रेस नेताओं ने इस घटनाक्रम को संगठन की बड़ी उपलब्धि बताया है। उनका कहना है कि लगातार लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ रहे हैं, जिससे आने वाले समय में कांग्रेस और मजबूत होगी।

दूसरी ओर, इस घटनाक्रम से बीजेपी खेमे में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बूथ स्तर पर इस तरह की टूट-फूट आने वाले चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। बैठक में पावन सोनकर, गोविंद कहार और यशवंत निराला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सद्भाव फ्यूचरटेक ने आईपीओ के जरिए फंड जुटाने के लिए सेबी के पास दाखिल किए ड्राफ्ट दस्तावेज

**रायपुर।** सोलर पावर प्रोजेक्ट्स के ईपीसी क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी सद्भाव फ्यूचरटेक लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। डीआरएचपी के अनुसार प्रस्तावित आईपीओ में 2.55 करोड़ इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 235 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस के तहत प्रमोटर सैकत रॉय, भूपेंद्र सिंह, बेटरआइकॉन कंसल्टेंसी, नीलम जैन तथा कुछ अन्य व्यक्ति और संस्थाएं अपने शेयर बेचेंगी। फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कंपनी अपने वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। साल 2020 में स्थापित सद्भाव फ्यूचरटेक सोलर पावर प्रोजेक्ट्स के इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) क्षेत्र में कार्य करती है। कंपनी मुख्य रूप से सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम, रूफटॉप सोलर सिस्टम और ग्राउंड माउंटेड सोलर सिस्टम से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करती है। कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 171.68 मेगावाट है, जिसमें 171.53 मेगावाट सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम और 0.15 मेगावाट रूफटॉप सोलर सिस्टम शामिल है। डीआरएचपी दाखिल करने की तिथि तक कंपनी के पास एक ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट (अनुबंध) है और 120 मेगावाट के ग्राउंड माउंटेड सोलर सिस्टम की स्थापना के लिए दो लेटर ऑफ इंटेंट (आशय पत्र) प्राप्त हुए हैं। समय के साथ कंपनी ने महाराष्ट्र, असम, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में अपनी भौगोलिक मौजूदगी का विस्तार किया है।

## संकट में संबल आयुष्मान भारत और महारानी अस्पताल ने जगाई कैंसर पीड़ितों की नई उम्मीद



**जगदलपुर/विश्व परिवार।** चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जो न केवल शारीरिक बल्कि आर्थिक रूप से भी परिवारों को तोड़ देती है। ऐसे कठिन समय में महारानी अस्पताल और आयुष्मान भारत योजना कई परिवारों के लिए एक मसीहा बनकर उभरी है। जगदलपुर के इस चिकित्सा केंद्र से ऐसी कई कहानियाँ सामने आ रही हैं, जहाँ आर्थिक तंगी से जूझ रहे मरीज अब नई उम्मीद के साथ अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। किराना दुकान चलाने वाली अनीता महावर की कहानी साहस और संघर्ष की एक मिसाल है। चैथे चरण के कैंसर से जूझ रही अनीता ने अपने शुरुआती इलाज के लिए हैदराबाद का रुख किया था, जहाँ ऑपरेशन और अन्य प्रक्रियाओं में उनके जीवन की जमा-पूंजी के लगभग 20 से 25 लाख रुपये खर्च हो गए। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद जब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक हो गई, तब आयुष्मान कार्ड उनके लिए सहारा बनी। पिछले दो वर्षों से वे जगदलपुर में ही अपना इलाज करा रही हैं और उनका मानना है कि यहाँ मिल रही नि:शुल्क दवाओं और डॉक्टरों के समर्पण ने उन्हें मानसिक रूप से और भी मजबूत बना दिया है। अब वे बीमारी के डर को पीछे छोड़कर एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपनी जीवन यात्रा को आगे बढ़ा रही हैं।

इसी अस्पताल में उपचाराधीन एक ऑटो चालक की पत्नी गौरी मिश्रा के लिए भी यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। एक साधारण आय वाले परिवार के लिए निजी अस्पतालों का भारी-भरकम खर्च उठाना लगभग असंभव था, लेकिन सरकारी अस्पताल की सुलभ सुविधाओं ने उन्हें इस जानलेवा बीमारी के विरुद्ध लड़ने का साहस प्रदान किया है। वहीं स्वयं महारानी अस्पताल में नर्सिंग मेट्रन के पद पर कार्यरत लक्ष्मी टांडिया भी ओवरी के कैंसर से लड़ रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं का गहरा अनुभव रखने वाली लक्ष्मी बताती हैं कि उन्होंने भी करीब दो साल तक बाहर इलाज कराया, जहाँ लागत बहुत अधिक थी। अब पिछले डेढ़ महीने से आयुष्मान योजना के तहत उनका उपचार यहीं चल रहा है, जहाँ उन्हें बेहद महंगी दवाइयां भी बिना किसी शुल्क के प्राप्त हो रही हैं। लक्ष्मी टांडिया का मानना है कि आज के दौर में गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए आयुष्मान योजना एक बड़ी राहत है, जिससे अब लोगों को इलाज के लिए भटकने या बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रह गई है। इन महिलाओं के अनुभवों से स्पष्ट है कि उक्त अस्पताल की बेहतर व्यवस्था और आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं ने आम आदमी के मन में यह विश्वास जगाया है कि संसाधनों की कमी किसी के इलाज में बाधा नहीं बनेगी। महारानी अस्पताल आज न केवल चिकित्सा सेवा का केंद्र है, बल्कि यहाँ आने वाले हर मरीज के लिए जीत और जीवटता का एक नया मंच बन चुका है।

## लाल आतंक के सूर्यास्त के साथ सुकमा में उदय हुआ स्वास्थ्य सेवाओं का सूरज

### मेगा स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**जगदलपुर/विश्व परिवार।** / बस्तर के सुदूर अंचलों में कभी लाल आतंक की धमक से सहमे रहने वाले सुकमा जिले की तस्वीर अब पूरी तरह बदल चुकी है। दशकों पुराने संघर्ष और भय के बादलों को चीरकर अब यहाँ विकास और खुशहाली की नई किरणें बिखर रही हैं। जिला प्रशासन सुकमा और बेंगलुरु के एनटीआर फाउंडेशन के साझा प्रयासों से आयोजित दो दिवसीय सुपर स्पेशलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर इस बात का जीवंत प्रमाण है कि अब सुकमा नक्सलवाद की बेड़ियों को तोड़कर स्वस्थ और सशक्त होने की राह पर निकल पड़ा है। मिनी स्टेडियम में विगत 28 और 29 मार्च को आयोजित इस शिविर ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जहाँ कभी गोलियों की गूँज थी, आज वहाँ सेवा और संकल्प के गीत गाए जा रहे हैं।





लाल आतंक की समाप्ति के इस दौर में जब क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना है, तब प्रशासन की पहुँच अंतिम छोर के व्यक्ति तक आसान हुई है। प्रदेश के वन मंत्री एवं सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के द्वारा शुभारंभ पश्चात इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में उन संवेदनशील और अंदरूनी क्षेत्रों के 3,700 से अधिक ग्रामीण बेखौफ होकर पहुँचे, जो कभी मुख्यधारा से कटे हुए थे। कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त मेगा स्वास्थ्य शिविर में कुल 6,500 से अधिक लाभार्थियों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि अब ग्रामीण बंदूकों के साये से निकलकर आधुनिक चिकित्सा और विशेषज्ञ परामर्श पर भरोसा जता रहे हैं। शिविर के दौरान 21 विशेषज्ञ डॉक्टरों और 40 स्वास्थ्य योद्धाओं की टीम ने इन वनवासियों के लिए देवदूत बनकर काम किया।

शिविर में केवल सामान्य बीमारियों का ही नहीं, बल्कि कैंसर, हृदय रोग और न्यूरोलॉजी जैसी गंभीर समस्याओं का भी विशेषज्ञ उपचार किया गया। नक्सलवाद के दौर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहे बुजुर्गों के लिए 989 चश्मों का वितरण किया गया, जिससे उनकी धुंधली दुनिया एक बार फिर रोशनी से भर उठी। वहीं 1,500 बच्चों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण कर आने वाली पीढ़ी को कुपोषण और बीमारियों से मुक्त करने का संकल्प लिया गया। विशेष रूप से 85 महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग और 2,300 आभा आईडी का निर्माण इस बात का प्रतीक है कि सुकमा अब डिजिटल स्वास्थ्य और सुरक्षा कवच से लैस हो रहा है।

लाल आतंक के खात्मे के बाद सुकमा का यह बदलाव पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल है। यह शिविर केवल एक चिकित्सकीय आयोजन नहीं था, बल्कि शासन-प्रशासन के प्रति जनता के अटूट विश्वास का उत्सव था। 153 आयुष्मान कार्डों का मौके पर निर्माण यह सुनिश्चित करता है कि अब सुदूर अंचल का गरीब से गरीब व्यक्ति भी पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा। सुकमा आज नक्सलवाद की पहचान को पीछे छोड़कर सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में एक रोल मॉडल बनकर उभर रहा है, जहाँ हर चेहरा मुस्कुरा रहा है और हर कदम एक खुशहाल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

## हाईवे जाम से गूंजा गरियाबंद: पुलिया और बैंक की मांग पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जनसमस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस ने सोमवार को ऐसा जोरदार प्रदर्शन किया कि नेशनल हाईवे पर यातायात थम गया और प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के मार्गदर्शन में देवभोग ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में हुए इस चक्का जाम ने पूरे इलाके का ध्यान खींच लिया। सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और मांगें पूरी करो के नारों से माहौल गूंज उठा।

प्रदर्शन की सबसे बड़ी मांग बेलाट नाला पर पुलिया निर्माण को लेकर रही। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह पुलिया 36 गांवों के लिए जीवनरेखा साबित होगी। जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने बताया कि पुलिया के अभाव में ग्रामीणों को रोजाना जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ता है, जबकि बारिश के मौसम में हालात बदतर हो जाते हैं और कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है।

वहीं दूसरी बड़ी मांग झाखरपारा में जिला सहकारी बैंक की स्थापना को लेकर उठी। नेताओं का कहना है



कि बैंक सुविधा नहीं होने से किसानों और आम लोगों को दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। स्थानीय स्तर पर बैंक खुलने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

प्रदर्शन में क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने भी भाग लिया और प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। उनके साथ भूपेंद्र मांझी और महेश्वर बघेल सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चक्का जाम के चलते नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घंटों तक यातायात बाधित रहा, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन ने स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि यह लड़ाई जनता के अधिकारों की है। जब तक पुलिया निर्माण और बैंक स्थापना की मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा—और जरूरत पड़ी तो इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल दहला देने वाली घटना: पत्थर से कुचला सिर फिर कुएं में फेंका शव, अप्राकृतिक कृत्य की कोशिश पर मासूम की हत्या

**कोरबा।** ग्राम पंचायत डोंगानाला के आश्रित ग्राम गणेशपुर में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। नशे में धुत एक युवक ने सात साल के मासूम की हत्या कर दी। आरोपित ने बच्चे को बहला-फुसलाकर सुनसान इलाके में ले जाकर अप्राकृतिक कृत्य करने की कोशिश की। बच्चे के विरोध करने पर पत्थर से सिर पर वार कर उसकी जान ले ली। पाली थाना अंतर्गत ग्राम गणेशपुर निवासी शिवकुमार खुरसेंगा का सात साल का बेटा आयान दो अप्रैल की दोपहर अपने साथियों के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था। रोज की तरह अन्य बच्चे साथ गए थे, लेकिन नहाने के बाद बाकी बच्चे घर लौट आए, जबकि आयान वापस नहीं पहुंचा। देर शाम तक उसके घर नहीं आने पर स्वजन चिंतित हो उठे। आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी बीच स्वजन को जानकारी मिली कि आयान को गांव में ही रहने वाले रंजीत कुमार 19 वर्ष के साथ अंतिम बार देखा गया था। इसके बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। इसके साथ ही दूसरे दिन भी लगातार खोजबीन जारी रही, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। स्थिति गंभीर होने पर गांव में बैठक बुलाई गई, जिसमें ग्रामीणों और स्वजन ने मिलकर जानकारी जुटाने की कोशिश की। बैठक के दौरान शक के आधार पर रंजीत से पूछताछ की गई, लेकिन वह लगातार गोलमोल जवाब देता रहा। इससे ग्रामीणों का संदेह और गहरा गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नागेश तिवारी मौके पर पहुंचे और युवक से सख्ती से पूछताछ की, तब पुलिस के दबाव में आरोपित टूट गया और उसने वारदात कबूल कर ली। आरोपित रंजीत ने बताया कि वह नशे की हालत में तालाब पहुंचा था। वहीं उसकी नजर आयान पर पड़ी और वह उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने की कोशिश की। विरोध करते हुए बच्चा चिल्लाने लगा, इससे घबराकर उसने (रंजीत) पास पड़े पत्थर से उसके सिर पर कई बार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद शव को पड़ोसी गांव करतली के एक खेत में बने करीब 12 फीट गहरे कुएं में फेंक दिया और वापस गांव लौट आया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर कुएं से बच्चे का शव बरामद कर लिया। मामले में आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गणेशपुर की घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। मनोविज्ञान के जानकार मानते हैं कि नशे की हालत में व्यक्ति का नियंत्रण कम हो जाता है और दबे हुए विकृत व्यवहार सामने आ सकते हैं। इस तरह की घटनाएं अकसर अचानक नहीं होतीं, बल्कि मानसिक असंतुलन, सामाजिक नियंत्रण की कमी और नशे की आदत का संयुक्त परिणाम होती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, गांव और कस्बों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। बच्चों को यह सिखाना जरूरी है कि वे किसी भी व्यक्ति के साथ अकेले न जाएं, चाहे वह परिचित ही क्यों न हो। वहीं अभिभावकों को भी बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने और देर होने पर तुरंत सतर्क होने की सलाह दी जाती है।

### अधिवक्ता संघ चुनाव में नामांकन शुल्क वृद्धि के विरोध ने पकड़ा तूल, लोकतांत्रिक मूल्यों पर उठे गंभीर सवाल

**कोरबा।** जिला अधिवक्ता संघ कोरबा से प्रारंभ हुआ नामांकन शुल्क वृद्धि का विरोध अब रायपुर तक पहुंचकर व्यापक रूप लेता जा रहा है। अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ा विरोध दर्ज करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि कोरबा में अध्यक्ष पद हेतु 15,000, उपाध्यक्ष हेतु 10,000, सचिव एवं अन्य पदों हेतु 7,000 तथा कार्यकारिणी सदस्यों हेतु 3,000 तक नामांकन शुल्क निर्धारित किया गया है, जो पहले की तुलना में अत्यधिक है। वहीं दूसरी ओर रायपुर में स्थिति और भी गंभीर है, जहां अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए 35,000 तक जमानतध्नामांकन शुल्क लिया जा रहा है। इस प्रकार की अत्यधिक शुल्क वृद्धि अधिवक्ताओं के लिए चुनाव प्रक्रिया को कठिन एवं सीमित बना रही है। धनेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि यह शुल्क वृद्धि न तो आमसभा द्वारा पारित की गई है और न ही निर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित, जिससे इसकी वैधता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज, जिसे एक जागरूक एवं बुद्धिजीवी वर्ग माना जाता है, उसमें इस प्रकार की व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्यों के पतन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि जब देश के प्रमुख चुनावों में भी नामांकन-जमानत राशि सीमित एवं न्यायसंगत रखी जाती है, तब अधिवक्ता संघ चुनाव में इस प्रकार की बेतहाशा वृद्धि पूर्णत: अनुचित है। उन्होंने राज्य अधिवक्ता परिषद, छत्तीसगढ़ से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि इस अनधिकृत एवं अत्यधिक नामांकन शुल्क वृद्धि पर रोक लगाई जाए।

# संपादकीय

## सोशल मीडिया की लत

युवा या किसी उम्र वर्ग के व्यक्ति को सोशल मीडिया की लत क्यों लगती है? कुछ अध्ययनों के मुताबिक युवा अपने खालीपन की भरपाई सोशल मीडिया से करते हैं, जहां अल्पकालिक उत्तेजना और निरर्थक सूचना देने वाले स्रोतों की भी भरमार है। भारत सहित तमाम देशों में सोशल मीडिया युवाओं के बीच खुशी घटा रहा है। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट- 2026 के अनुसार कुल मिलाकर युवाओं की खुशी पर सोशल मीडिया का असर नकारात्मक है। बहरहाल, उभरे रुझानों के लिए महज सोशल मीडिया को दोष देना शायद ठीक ना हो। खुद इसी रिपोर्ट के मुताबिक जो युवा सोशल मीडिया का रोजाना एक घंटे से कम इस्तेमाल करते हैं, वे इससे खुशी और संतुष्टि प्राप्त करते हैं। संभवतः इसलिए कि इस दौरान वे अपने दोस्त- रिश्तेदारों से संपर्क करते हैं और अपने लिए जरूरी सूचनाएं या मनोरंजन हासिल कर लेते हैं। उसके बाद वास्तविक समाज या इनसानी दायरे से जुड़ने के लिए उनके पास पर्याप्त समय रहता है, जहां उन्हें बेहतर अहसास हासिल होता है। तो प्रश्न है कि आखिर युवा या किसी उम्र वर्ग के व्यक्ति को सोशल मीडिया की लत क्यों लगती है? क्या यह परिवार में बढ़ते एकाकीपन एवं समाज में घटती सामूहिकता का परिणाम है? कुछ अध्ययनों के मुताबिक उपरोक्त कारणों से युवा खालीपन का शिकार होते हैं, जिसकी भरपाई वे सोशल मीडिया से करते हैं, जहां अल्पकालिक उत्तेजना, क्षणिक मनोरंजन, और निरर्थक सूचना देने वाले स्रोतों की भी भरमार है। हैप्पीनेस रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि युवाओं के सोशल मीडिया उपयोग पर नियंत्रण की दिशा में नीति-निर्माताओं को कदम उठाने चाहिए। दरअसल, हाल में कई देशों और भारत के कुछ राज्यों में ऐसे कदम उठाए भी गए हैं। मगर उनकी सफलता संदिग्ध है, क्योंकि बच्चों और युवाओं के सामने समय के बेहतर और आनंददायक उपयोग का विकल्प दिए बिना जबरन सोशल मीडिया से उन्हें अलग करना अलग तरह की मुश्किलों को जन्म दे सकता है। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट विभिन्न देशों के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक सहायता प्रणालियों की उपलब्धता, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, जीवन संबंधी फैसले लेने की स्वतंत्रता की स्थिति, समाज में उदारता अथवा दानशीलता की भावना, और भ्रष्टाचार के संबंध में जन-धारणा की कसौटियों पर तैयारी की जाती है। अगर इन बिंदुओं पर समाज में अपेक्षित प्रगति हो, तो संभव है कि फिर सोशल मीडिया की लत की समस्या से भी समाज बचा रह सकेगा।

# भारत की विकास गाथा के केंद्र में महिलाएँ

**श्रीमती विजया रहाटकर**



भारत की विकास गाथा को अक्सर संख्याओं, विकास दरों, अवसंरचना विस्तार और आर्थिक उपलब्धियों के रूप में व्यक्त किया जाता है। लेकिन, पिछले दशक का सबसे बड़ा बदलाव आँकड़ों से परे है। यह एक गहरे सामाजिक बदलाव में परिलक्षित होता है—महिलाओं का केवल भागीदार के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले अग्रिम व्यक्तियों के रूप में उभरना। महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर यह बदलाव न तो आकस्मिक है और न ही अलग-थलग है। यह एक सोच-समझकर किये गये सतत प्रयास का परिणाम है, जो जीवन के हर चरण में महिलाओं को समर्थन देने के लिए एक सक्षम इकोसिस्टम का निर्माण करता है। लड़की के जन्म से लेकर उद्यमी, पेशेवर, या सार्वजनिक प्रतिनिधि के रूप में उसकी यात्रा तक, यह दृष्टिकोण समग्र, सतत और परिवर्तनकारी रहा है। राजनीतिक भागीदारी में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया है। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या 12,14,885 है, जिनकी कुल 24,41,781 निर्वाचित प्रतिनिधियों में हिस्सेदारी 49.75प्रतिशत है—इस प्रकार, महिलाएँ जमीनी स्तर पर शासन में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इस क्रम में, नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी उपलब्धि है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह उच्च विधायी क्षेत्रों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने में राष्ट्र की अडिग प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस ऐतिहासिक सुधार की वास्तविक क्षमता केवल इसके प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। अधिनियम की प्रावधानों को जल्द से जल्द लागू करने की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं की आवाज़ को सिर्फ मान्यता ही न मिले, बल्कि देश की लोकतांत्रिक संरचना में इसे संस्थागत रूप से समाहित किया जा सके। इसके जल्द लागू होने से न केवल समावेशी शासन को गति मिलेगी, बल्कि यह बेहतर प्रतिनिधित्व और न्यायसंगत राजनीतिक परिदृश्य के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य करेगा।



दशकों तक, लैंगिक पक्षपात ने भारत के जनसांख्यिकीय और सामाजिक संकेतकों को प्रभावित किया। आज, वह कहानी धीरे-धीरे फिर से लिखी जा रही है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने गहरी जड़ें जमा चुकी मानसिकताओं को चुनौती देने और लड़की के मूल्य को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) में दिखाई देता है, जिसमें 1,000 पुरुषों पर 1,020 महिलाओं का लैंगिक अनुपात दर्ज किया गया है, जो सिर्फ संख्यात्मक सुधार ही नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी संकेत देता है। 'मिशन इंद्रधनुष' जैसे कार्यक्रम जीवन के प्रारंभिक चरण में पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करते हैं। 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी', 'पोषण 2.0', तथा 'पोषण अभियान' के प्रयास कुपोषण का समाधान करते हैं—यह मानते हुए कि स्वस्थ बचपन, सशक्त वयस्कता की ओर पहला कदम होता है। माताओं के लिए, संस्थागत समर्थन में काफी विस्तार हुआ है। पीएमएमवीवाई के तहत, 4.28 करोड़ से अधिक महिलाओं को 20,149 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गयी है, जो गर्भावस्था के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करती है। महिलाएं केवल भाग ही नहीं ले रही हैं—वे नेतृत्व भी कर रही हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में संस्थापक और निर्णयकर्ताओं के रूप में महिलाओं की भूमिका में लगातार वृद्धि हो रही है और वे नवाचार और उद्यम में भी योगदान दे रही हैं। इस परिवर्तन में वित्तीय समावेश ने अहम भूमिका निभाई है। पीएमएमवाई के तहत, 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 57.79 करोड़ ऋण प्रदान किए गए हैं, जिनमें लगभग 66 लाभार्थी महिलाएं हैं। प्रत्येक ऋण केवल वित्तीय सहायता का ही नहीं, बल्कि महिलाओं की आकांक्षाओं में विश्वास का भी प्रतीक है। इसके पूरक रूप में, जन धन योजना के तहत वित्तीय समावेश और गहरा हुआ है, जिसके अंतर्गत 57.93 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें से 32.29 करोड़ (55.7प्रतिशत) महिलाओं के हैं। जमीनी स्तर पर, परिवर्तन का पैमाना और भी अधिक प्रभावशाली है। लगभग 10 करोड़ महिलाओं को 90 लाख से अधिक स्वयं-सहायता समूहों में संगठित किया गया है, जिससे सामूहिक सहनशीलता, वित्तीय स्वतंत्रता और सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला है। इस इकोसिस्टम ने 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है और स्वयं सहायता समूहों को 12.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बैंक ऋण प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, 84 लाख ग्रामीण महिलाएं उद्यमी बन चुकी हैं, जबकि 5 करोड़ महिला किसानों ने उन्नत और सतत कृषि प्रथाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। स्वाभाविक रूप से अगला सवाल उठता है—क्या सशक्तिकरण, आजीविका से समृद्धि की ओर बढ़ सकता है? लखपति दीदी जैसी पहलों का लक्ष्य आय सृजन को मजबूत करना है, जबकि ड्रोन दीदी पहल, जिसका लक्ष्य 15,000 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित करना है, एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को परिलक्षित करती है—ग्रामीण महिलाओं को प्रौद्योगिकी-संचालित कृषि इकोसिस्टम में एकीकृत करना। सशक्तिकरण का मतलब रोजमर्रा के बोझ को आसान बनाना भी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10.56 करोड़ से अधिक धुँआ-रहित रसोई घरों ने स्वास्थ्य में सुधार किया है और कठिनाइयों को कम किया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.8 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण ने गरिमा और सुरक्षा में वृद्धि की है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जिसकी 73प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, के तहत निर्मित घरों ने स्वामित्व और सुरक्षा को मजबूत किया है। साथ मिलकर ये सभी पहलें दैनिक जीवन में गरिमा की परिभाषा को नए सिरे से स्थापित करती हैं। इसके साथ ही, महिलाएं उन स्थानों में भी प्रवेश कर रही हैं, जिन्हें कभी उनकी पहुँच से बाहर माना जाता था। सशस्त्र बल इस बदलती हुई वास्तविकता को दर्शाते हैं, जहाँ महिलाएँ नेतृत्व और जिम्मेदारी की भूमिकाएँ निभा रही हैं, जिसमें युद्ध क्षेत्र भी शामिल हैं। सवाल अब यह नहीं है कि महिलाएँ सेवा कर सकती हैं या नहीं, बल्कि यह है कि वे कितनी दूर तक नेतृत्व कर सकती हैं। कार्यस्थल सुधारों ने भी इस बदलाव में योगदान दिया है। नयी श्रम संहिताएँ महिला कर्मचारियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में, जिसमें रात की शिफ्ट भी शामिल है, काम करने में सक्षम बनाकर समावेश को बढ़ावा देती हैं। ये संहिताएँ समान वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मान पर जोर देती हैं—सुरक्षा से सशक्तिकरण की ओर बदलाव को रेखांकित करती हैं। संस्थागत समर्थन एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शिकायत निवारण से आगे बढ़कर सक्रिय जुड़ाव और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में भी अपना विस्तार किया है। 'शी सर्व्स' जैसी पहल महिला अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करती हैं, जबकि 'यशोदा एआई' उन्हें उभरते तकनीकी कौशल प्रदान करती है। 'कैंपस कॉलिंग' युवाओं में जागरूकता बढ़ाता है, 'शी इज अ चेंज मेकर' कार्यक्रम जमीनी स्तर पर नेतृत्व क्षमता को मजबूत करता है और 'महिला जनसुनवाई' सुलभ शिकायत निवारण सुनिश्चित करता है। जो उभरकर सामने आता है, वह प्रयासों का एक शक्तिशाली समन्वय है, जो महिला-नेतृत्व वाले विकास के नए युग को आकार दे रहा है।

(लेखिका राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष हैं)

## आलेख

# भारतीय शासन व्यवस्था की पटकथा फिर से लिख रहा है मिशन कर्मयोगी

**डॉ जितेंद्र सिंह**

कल्पना करें कि राजस्थान के दूरदराज के किसी कोने में जिला कलेक्टर को एक ऐसी महत्वाकांक्षी कल्याण योजना की जिम्मेदारी सौंपी जाती है जिसके बारे में उसकी जानकारी बहुत कम है। एक दशक पहले उसे जानकारी के लिए कहीं धूल खा रही किसी नियमावली का सहारा लेना होता। या फिर वह अपने किसी वरिष्ठ सहयोगी की तीन बैठकों और लंच के बाद खाली होने का इंतजार करता। उसकी उम्मीद उस प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी टिकी हो सकती थी जो शायद एक या दो साल में कभी आता। लेकिन आज वह अपने फोन के जरिए आईगॉट (इंटिग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म) पर लॉग ऑन करता है। उसे मिनटों में ही अपनी जरूरत के अनुरूप एक सुव्यवस्थित कार्यकुशलता आधारित पाठ्यक्रम मिल जाता है। वह शाम तक सूचनाओं और आत्मविश्वास से लैस होकर योजना के लाभार्थियों की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहा होता है। यह बदलाव देखने में छोटा लग सकता है मगर हकीकत में किसी क्रांति से कम नहीं है। चमक-दमक से दूर धैर्य के साथ पांच साल पहले शुरू किया गया मिशन कर्मयोगी एक क्रांति ला रहा है। यह नए भारत के लिए एक नई तरह के प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने के उद्देश्य से चुपचाप काम कर रहा है। इसके महत्व को समझने के लिए हमें पहले संदर्भ को जानना होगा। 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री के निर्धारित लक्ष्य तक यूं ही नहीं पहुंचा जा सकता। इस मंजिल तक पहुंचने के लिए हमें भारत गणतंत्र को चलाने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों के जरिए सावधानी से एक-एक कदम आगे बढ़ना होगा। इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी, प्रौद्योगिकी या नीति नहीं है। सबसे ज्यादा अहमियत उन लगभग 3.5 करोड़ प्रशिक्षित, उत्साही और नागरिक केंद्रित सरकारी कर्मियों की क्षमता की है जो हर सुबह उठ कर भारतीय शासन को संचालित करते हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ज्यादातर समय क्षमता निर्माण का मॉडल सांयोगिक रहा है। किसी नौजवान अधिकारी को सेवा की शुरुआत के समय औपचारिक प्रशिक्षण दिया जाता था। फिर करियर के बीच में यदा-कदा उसे कुछ पाठ्यक्रमों में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता था। बाकी, उसे काम करते हुए और दूसरों को देख कर ही सीखना होता था। एक स्थिर और धीमी गति से आगे बढ़ते विश्व में यह काफी था। लेकिन कृत्रिम मेधा, जलवायु अवरोध, जनसांख्यिकीय दबाव और जबर्दस्त प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के युग में यह सरासर नाकाफी है। प्रशासन के सामने चुनौतियां जिस रफ्तार से आती हैं उसके सामने प्रशिक्षण की पुरानी प्रणालियों की गति कहीं नहीं टिकती। मिशन कर्मयोगी को इसी बेमेल स्थिति के समाधान के रूप में की गई थी। 2021 में शुरू किया गया यह मिशन—जिसे उसी वर्ष अप्रैल में स्थापित क्षमता निर्माण आयोग द्वारा संस्थागत रूप से संचालित किया गया, एक सचमुच महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आगे बढ़ा। भारतीय सिविल सेवाओं की सीखने की संस्कृति को, समय-समय पर होने वाली और केवल नियमों के पालन तक सीमित प्रक्रिया से बदलकर, एक निरंतर चलने वाली, भूमिका-आधारित और स्वयं-निर्देशित विकास यात्रा में रूपांतरित करना इसका मकसद है। जैसा कि आयोग इसका वर्णन करता है, यह बदलाव कर्मचारी—यानी नियमों का पालन करने वाले एक पदाधिकारी से कर्मयोगी बनने की ओर है- एक ऐसा लोक सेवक जो किसी उद्देश्य, सेवा-भाव और उत्कृष्टता से प्रेरित हो। पाँच वर्षों के बाद, ये आंकड़े अत्यंत शिक्षाप्रद हैं। 'आईगॉट' (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) प्लेटफॉर्म पर अब 1.5 करोड़ से अधिक सरकारी अधिकारी सक्रिय शिक्षार्थी के रूप में जुड़े हैं — यह एक ऐसी संख्या है जो शुरुआत के समय काल्पनिक लगती थी। 4,600 से अधिक योग्यता-आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से, इन अधिकारियों ने 8.3 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। अकेले पिछले राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान, भागीदारी के परिणामस्वरूप 4.5 मिलियन घंटे के पाठ्यक्रम नामांकन और 3.8 मिलियन घंटे की वास्तविक शिक्षा दर्ज की गई। ये केवल अमूर्त आंकड़े नहीं हैं। दर्ज किया गया प्रत्येक घंटा भारत में कहीं न कहीं एक लोक सेवक का प्रतिनिधित्व करता है — छत्तीसगढ़ में एक राजस्व निरीक्षक, पुणे में एक शहरी स्थानीय निकाय अधिकारी, मणिपुर में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ये सब अपने साथी नागरिकों की बेहतर सेवा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रहें हैं।

# युवा पीढ़ी में कुंवारापन समाज में चिंतनीय विषय

**विजय कुमार जैन राघौगढ़**



पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में भारत में युवा पीढ़ी ने अनेक कुरीतियों को उत्साह से अपनाया है। इन कुरीतियों में एक कुरीति कुंवारापन भी है। प्रेम विवाह, लाइव एंड रिलेशनशिप, सह शिक्षा, क्लवों में ऑल नाइट पार्टी आदि के साथ-साथ युवा पीढ़ी ने अब कुंवारेपन में भी जीवन को मुस्कान भरा बना लिया है। सरकार द्वारा विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। यह नियम सरकार ने इसलिये लागू किया कि पूर्व में राजस्थान आदि प्रांतों अक्षय तृतीया को सामूहिक विवाह सम्मेलनों में छोटी उम्र में ही विवाह कर दिए जाते थे। भारत सरकार कार द्वारा विवाह के लिये जो उम्र निर्धारित की है वह हर दृष्टि से उपयुक्त है।हम विचार करें तो विवाह के लिये यह कुंवारेपन का विस्फोट, समाज अंधी दौड़ में कहाँ पहुँच रहा है ?अब वक्त आ गया है कि चीज़ों को मीठे शब?दों में कहना बंद किया जाए।दुनिया जिस आज़ादी की जय-जयकार कर रही है, वही आज़ादी धीरे-धीरे परिवार, रिश्तों, और सामाजिक संतुलन,सब कुछ निगलने लगी है। पदम श्री डॉक्टर सुरेश आडवाणी देश के सुप्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ हैं आप बोन मेरो ट्रांसप्लांट करने वाले आंकोलॉजिस्ट हैं। आप अभी तक एक लाख से अधिक कैंसर पीड़ितों का इलाज कर चुके हैं डॉक्टर सुरेश आडवाणी ने गत दिनों रायपुर में कहा है देर से शादी से ब्रेस्ट कैंसर 10 गुना बढ़ा है। युवक युवती की शादी 22- 23 वर्ष में और 25 वर्ष में पहला बच्चा पैदा करना जरूरी है। इससे ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम होता है। एक ओर साधु संत एवं समाज के प्रबुद्ध जन यह जागरूकता अंकअभियान चला रहे हैं कि समाज की जनसंख्या बढ़ाने के लिए तीन संतान पैदा करें। दूसरी ओर युवक युवती कुंवारेपन में ही सुख मान रहे हैं। कुंवारेपन का एक पहलू यह भी है। माता पिता अपनी बेटी के लिये ऐसा रिश्ता देख रहे हैं जो मुंबई,पूना, हैदराबाद,बैंगलुरु या विदेश में नौकरी कर रहा हो। बेटी का रिश्ता



संयुक्त परिवार, कस्बों या छोटे नगरों में नहीं कर रहे हैं। जो अविवाहित युवक व्यापार कर रहे हैं। उनको रिश्ते नहीं मिल रहे हैं। कस्बों एवं छोटे नगरों में समाज इस सोच से युवकों में न चाहकर भी कुंवारापन तेजी से बढ़ रहा है।अंतरराष्ट्रीय सर्वे कहता है कि आने वाले कुछ वर्षों में युवतियों में 45ञ्ज तक विवाह से दूरी बना सकती हैं! पहली नज़र में यह प्रगति लगती है, पर असल में यह भविष्य के लिए एक टाइम-बम है।कैरियर, पैसे और अकेलापन यह कैसी प्रगति? आज के बेटे- बेटी डॉक्टर, इंजीनियर, सी ए, उद्यमी, सब बन रहे है। बहुत अच्छा, शानदार पर क्या कैरियर पूरा जीवन है? पैसा साथी नहीं बनता। पद वृद्धावस्था में हाथ नहीं पकड़ता। मोबाइल और लैपटॉप बुढ़ापे में बात नहीं करते। लेकिन समाज को इस सच्चाई से फर्क नहीं पड़ता, सबको दौड़ लगानी है, बस लगानी है। परिवार ढह रहे है कोई देख भी रहा है?कुँवारे लड़के बढ़ रहे हैं, अविवाहित युवतियाँ बढ़ रही हैं, जनसंख्या गिर रही है,और अकेलेपन उद्योग (ष्ठड्डह्लद्बठ्ठद्द-ड्डश्चश्चह्य, ह्लद्धद्गह्म्ड्डश्च4, ह्यद्गश्चद्गह्म्ड्डह्लद्गह्य श्चद्बड्डह्य) फल-फूल रहा है। पर हम फिर भी कहते हैं, सब ठीक है, यह आधुनिकता है। यह आधुनिकता नहीं, धीमी मौत है, परिवार, समाज और मानवीय संबंधों की। सर्वाधिक खतरनाक स्थिति।आज माता-पिता रिश्ता ढूंढते हैं, पर लड़की कहती है, अभी नहीं। फिर अभी नहीं धीरे-धीरे कभी नहीं में बदल जाता है। और जब एहसास होता है तो मेडिकल रिपोर्ट सामने होती है, हार्मोनल इश्यू, कंसिव न होना, मानसिक तनाव, अकेलापन। पर तब कौन जिम्मेदार ?कोई नहीं, क्योंकि फैसला स्वतंत्रता का था। समाज के सफेदपोश लोग चुप क्यों हैं।क्योंकि सच्चाई बोलने से उन्हेंआधुनिकता- विरोधी कहलाने का डर है। पर सच्चाई यह है कि अगर 21ङ्क25 की उपयुक्त उम्र में विवाह नहीं हुए तो समाज जल्द ही दिसंबर की ठंडी रात जैसा सूना हो जाएगा।अंतिम बात प्रगति वो नहीं जो हमें अकेला कर दे। अगर हमारा भविष्य कुंवारा, अकेला और भावहीन होने वाला है, तो समाज के लिए यह गर्व की नहीं,खतरे की घंटी है।


नोट-लेखक म.प्र.शासन से स्थायी अधिमान्य पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक हैं।

# पुस्तक समीक्षा-आस्था का मानचित्र,तकनीक का सेतु-दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका.....

**डॉ. सुनील जैन**



धार्मिक साहित्य केवल आस्था का दस्तावेज़ नहीं होता, वह समाज की स्मृति, परंपरा और मार्गदर्शन का जीवंत माध्यम भी होता है। जैन समाज की ऐसी ही एक अनुपम कृति 'दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका' ने न केवल अपनी उपयोगिता सिद्ध की है, बल्कि अपने अद्वितीय स्वरूप और व्यापक प्रभाव के कारण विश्व स्तर पर भी प्रतिष्ठा अर्जित की है। त्रश्चद्यस्त्रद्गठ्ठ क्क्षश्चद्म श्चद्घ ङ्खश्चह्मद्यस्र ऋद्गष्श्चह्मस्त्रह्य में इसका सम्मिलित होना इस कृति की प्रासंगिकता और महत्ता का प्रमाण है। यह निर्देशिका केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि तीर्थयात्रा के समग्र अनुभव को सरल, सुगम और सुव्यवस्थित बनाने वाला एक सशक्त माध्यम है। 267 जैन तीर्थों का सुविचारित संकलन, उनके ऐतिहासिक, भौगोलिक और व्यवस्थागत विवरणों के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस दृष्टि से यह कृति जैन समाज की जीवंत धरोहर के रूप में स्थापित होती है, जो श्रद्धा और व्यवहारिकता—दोनों का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करती है। इस निर्देशिका की सबसे बड़ी विशेषता इसका समयानुकूल अद्यतन स्वरूप है। 12वें संस्करण में सम्मिलित लोकेशन क्यूआर कोड इसकी आधुनिकता का परिचायक है, जिसके माध्यम से तीर्थयात्री सीधे अपने गंतव्य तक पहुँच सकते हैं। यह सुविधा केवल तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि तीर्थयात्रा की परंपरा को डिजिटल युग से जोड़ने का सार्थक प्रयास है। साथ ही, प्रत्येक तीर्थ से संबंधित मोबाइल नंबर, ईमेल, वेबसाइट, आवास व्यवस्था, भोजनशाला, यातायात दूरी, स्थल की भौगोलिक संरचना (पहाड़, सीढ़ियाँ, वाहन सुविधा) और आसपास के अन्य तीर्थों की जानकारी—इन सबका समावेश इसे एक सम्पूर्ण मार्गदर्शिका बनाता है। इस कृति के संपादक समाज श्रेष्ठी भाईसाब हसमुख जैन जी गांधी इंदौर का अथक श्रम और समर्पण इस निर्देशिका के प्रत्येक पृष्ठ पर दृष्टिगोचर होता है। उन्होंने न केवल सूचनाओं का संकलन किया, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, उपयोगी और सहज रूप में प्रस्तुत कर जैन समाज को एक अमूल्य धरोहर प्रदान की है। प्रधान संपादक डॉ अनुपम जी जैन के नेतृत्व में यह कार्य और अधिक सुसंगठित एवं प्रामाणिक बन पाया है। इस निर्देशिका की उपयोगिता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इसके माध्यम से प्रतिवर्ष 10 लाख से अधिक यात्री तीर्थयात्रा करते हैं। 2004 से प्रारंभ हुआ यह यात्रा-वृत्तांत 21 वर्षों में 1,00,000 प्रतियों तक पहुँचकर एक




ऐतिहासिक मुकाम हासिल करता है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि समाज के विश्वास और स्वीकार्यता का प्रमाण है। निर्देशिका की संरचना भी अत्यंत सुविचारित है—राज्यवार अनुक्रम, अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार सूची, प्रदेशवार नक्शे, और यहाँ तक कि विदेशों (विशेषकर अमेरिका) में स्थित जैन मंदिरों का समावेश—ये सभी इसे वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। इस प्रकार यह कृति केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि विश्वव्यापी जैन समुदाय को एक सूत्र में बाँधने का कार्य करती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का औपचारिक प्रमाणन डॉ मनीष विश्नोई द्वारा प्रदान किया जाना इस कृति की अंतरराष्ट्रीय मान्यता को और भी सुदृढ़ करता है। रवीन्द्र नाट्यगृह में आयोजित भव्य विमोचन समारोह इस उपलब्धि का साक्षी बना, जहाँ समाज के विभिन्न वर्गों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस कृति के सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। समीक्षात्मक दृष्टि से देखा जाए तो 'दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका' केवल एक संदर्भ ग्रंथ नहीं, बल्कि तीर्थ संरक्षण और संवर्धन की प्रेरक शक्ति भी है। तीर्थों का संरक्षण तभी संभव है जब वहाँ सतत आवागमन बना रहे, और यह निर्देशिका उसी दिशा में एक सशक्त सेतु का कार्य करती है। यह श्रद्धालुओं को न केवल मार्ग दिखाती है, बल्कि उन्हें तीर्थों से जोड़कर सांस्कृतिक निरंतरता को भी बनाए रखती है। निष्कर्षतः, यह कृति परंपरा और तकनीक का अद्भुत संगम है—जहाँ एक ओर प्राचीन आस्था की जड़ें हैं, वहीं दूसरी ओर आधुनिक युग की डिजिटल शाखाएँ। 'दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका' निस्संदेह जैन समाज की एक ऐसी अनुपम कृति है, जिसने न केवल वर्तमान को दिशा दी है, बल्कि भविष्य के लिए भी एक सुदृढ़ मार्ग प्रशस्त किया है।

**निम्नलिखित पते से उक्त निर्देशिका प्राप्त की जा सकती है-**

**हसमुख जैन गांधी**
**211 देवधर काम्प्लेक्स , छावनी**
**इंदौर 452001 म प्र**

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, बुधवार 08 अप्रैल 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# अयोध्या में युवा परिषद् का स्वर्ण जयंती व अवार्ड समर्पण समारोह सम्पन्न

- अयोध्या में कर्मयोगी रवीन्द्र कीर्ति स्वामी जी युग पुरुष उपाधी से सम्मानित हुए







**अयोध्या ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 5 अप्रैल 2026 को अयोध्या की पावन धरा पर भव्य स्वर्ण जयंती एवं अवार्ड समर्पण समारोह का यह गरिमामय आयोजन मुनि श्री विभास्वर सागर जी, मुनि श्री शुद्धोपयोग सागर जी महाराज, मुनि श्री श्रम सागर जी, मुनि श्री श्री सागर जी,आदि मुनिमहाराजों व परम पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के पावन ससंघ सानिध्य में, परम पूज्य प्रज्ञाश्रमणी श्री चंदनामती माताजी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन तथा पूज्य स्वस्ति श्री रवीन्द्र कीर्ति स्वामी जी के निर्देशन में, अखिल भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समारोह के मुख्य अतिथि जम्बू प्रसाद जैन गाजियाबाद, विशिष्ट अतिथि सुरेश जैन पूर्व आईएएस भोपाल, जस्टिस विमला जैन भोपाल, हंसमुख गांधी इन्दौर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जीवन प्रकाश जैन जम्बूद्वीप हस्तिनापुर ने की।

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने अवगत कराया कि समारोह का दीप प्रज्ज्वलन अतिथियों, अयोध्या विकास समिति व युवा परिषद् के पदाधिकारियों ने किया, मंगलाचरण पंकज शाह पुणे ने, स्वागत उद्बोधन दिया युवा परिषद् के राष्ट्रीय संयोजक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन हस्तिनापुर ने।

युवा परिषद् का परिचय भूमिका,अब तक की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने कहा कि स्वर्ण जयंती वर्ष में युवा परिषद् के सभी शाखाएं अपने अपने क्षेत्र में सामाजिक धार्मिक आयोजन करावें व नवीन शाखाएं गठन करवायें। देश की जैन संस्कृति का *युग पुरुष* सम्मान युवा परिषद् द्वारा कर्मयोगी रवीन्द्र कीर्ति स्वामी जी को प्रदान किया गया। कर्मठ व्यक्तित्व पुरस्कार जवाहरलाल जैन सिकंदराबाद को प्रदान किया गया, उक्त पुरस्कार के सोजन्यकर्ता जीतेन्द्र सपना लुहाड़िया खण्डवा, मध्यप्रदेश हैं। इस अवसर पर युवा परिषद की सबसे प्राचीन कामां शाखा का विशेष अभिनन्दन स्वर्ण जयंती गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण देश की उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ शाखाओं में आउट स्टैंडिंग शाखा प्रताप नगर सम्भाग जयपुर को प्रशस्ति, तिलक,माला,दुपट्टा, पगडी पहनाकर,नकद राशि देकर सम्मानित किया गया,इस अवार्ड के सोजन्यकर्ता तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के कुलाधिपति सुरेश लुहाड़िया थे, एक्सीलेंट अवार्ड कोल्हापुर, महाराष्ट्र को, उक्त अवार्ड के सोजन्यकर्ता आनन्द प्रकाश मदन कुमार नई दिल्ली व बैस्ट परफोर्मेंस शाखा टिकैतनगरको इस अवार्ड के सोजन्यकर्ता विकास जैन गाजियाबाद थे । उपरोक्त शाखाओं के कार्यों का गौरवपूर्ण अभिनंदन किया गया।

युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में सेवा शिरोमणी सम्मान से युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन (जयपुर), राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन (जयपुर), पूर्व महामंत्री डॉ. अनुपम जैन (इंदौर), युवा परिषद् के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बिजेंद्र जैन ( दिल्ली), पूर्व अध्यक्ष कैलाश जैन (लखनऊ), पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन (प्रीति विहार, दिल्ली) को सम्मानित किया गया। युवा परिषद् के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री दिलीप जैन ने अवार्ड की घोषणा की व अवार्ड प्राप्त कर्ता शाखाओं की प्रगति रिपोर्ट बतायी व राजस्थान प्रदेश की संगठनात्मक स्थिति बताई। युवा परिषद् द्वारा इस अवसर पर सज्जातत्व नव दम्पति स्वर्ण श्री उपाधि से अतिशय जैन दिल्ली, अंकित जैन हीरापुर (सागर, एम पी ), पुनीत -रूचिका लुहाड़िया मानसरोवर जयपुर, आकार -गरिमा चौकडायत नालन्दा विहार, जयपुर आदि नव दम्पति यों को सम्मान किया गया। समारोह में परम पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने कहा कि यह आयोजन न केवल सेवा, समर्पण एवं संगठन की भावना को सशक्त करेगा, बल्कि युवा शक्ति को समाजहित में सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच भी सिद्ध होगा।

माताजी ने कहा कि युवा जैन संस्कृति के संरक्षण, श्रमण परम्परा को जीवन्त रखने के लिए,आगे आए ।

मुनि श्री विभास्वर सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा परिषद् अच्छे कार्य कर रही है। मुनि श्री ने कहा कि श्रमणों के आहार विहार में विशेष सहयोग करें, उन्होंने सभी को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

## युवा पीढ़ी में कुंवारापन समाज में चिंतनीय विषय: विजय कुमार जैन



**राघौगढ़ ( विश्व परिवार )।** पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में भारत में युवा पीढ़ी ने अनेक कुरीतियों को उत्साह से अपनाया है। इन कुरीतियों में एक कुरीति कुंवारापन भी है। प्रेम विवाह, लाइव एंड रिलेशनशिप, सह शिक्षा, क्लवों में ऑल नाइट पार्टी आदि के साथ-साथ युवा पीढ़ी ने अब कुंवारेपन में भी जीवन को मुस्कान भरा बना लिया है। सरकार द्वारा विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। यह नियम सरकार ने इसलिये लागू किया कि पूर्व में राजस्थान आदि प्रांतों अक्षय तृतीया को सामूहिक विवाह सम्मेलनों में छोटी उम्र में ही विवाह कर दिए जाते थे। भारत सरकार कार द्वारा विवाह के लिये जो उम्र निर्धारित की है वह हर दृष्टि से उपयुक्त है ।हम विचार करें तो विवाह के लिये यह कुंवारेपन का विस्फोट, समाज अंधी दौड़ में कहाँ पहुँच रहा है ? अब वक्त आ गया है कि चीज़ों को मीठे शब्दों में कहना बंद किया जाए। दुनिया जिस आज़ादी की जय-जयकार कर रही है, वही आज़ादी धीरे-धीरे परिवार, रिश्तों, और सामाजिक संतुलन,सब कुछ निगलने लगी है। पदम श्री डॉक्टर सुरेश आडवाणी देश के सुप्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ हैं आप बोन मेरो ट्रांसप्लांट करने वाले आंकोलॉजिस्ट हैं। आप अभी तक एक लाख से अधिक कैंसर पीड़ितों का इलाज कर चुके हैं डॉक्टर सुरेश आडवाणी ने गत दिनों रायपुर में कहा है देर से शादी से ब्रेस्ट कैंसर 10 गुना बढ़ा है। युवक युवती की शादी 22-23 वर्ष में और 25 वर्ष में पहला बच्चा पैदा करना जरूरी है। इससे ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम होता है। एक ओर साधु संत एवं समाज के प्रबुद्ध जन यह जागरूकता अंकअभियान चला रहे हैं कि समाज की जनसंख्या बढ़ाने के लिए तीन संतान पैदा करें। दूसरी ओर युवक युवती कुंवारेपन में ही सुख मान रहे हैं। कुंवारेपन का एक पहलू यह भी है। माता पिता अपनी बेटी के लिये ऐसा रिश्ता देख रहे हैं जो मुंबई,पूना, हैदराबाद,बैंगलुरु या विदेश में नौकरी कर रहा हो। बेटी का रिश्ता संयुक्त परिवार, कस्बों या छोटे नगरों में नहीं कर रहे हैं। जो अविवाहित युवक व्यापार कर रहे हैं। उनको रिश्ते नहीं मिल रहे हैं।

## दिगम्बर जैन युवा परिषद कामवन (कामां) को अयोध्या में मिला स्वर्ण जयंती गौरव अवार्ड

- जैन समाज कामवन में हर्ष की लहर




**कामवन।** जैन धर्म के पाँच तीर्थंकरों की जन्मभूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या में जैन धर्म की सर्वोच्च साध्वी परम पूज्य गणिनि प्रमुख आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के 50 वें स्वर्णिम राष्ट्रीय अधिवेशन में बड़ी मूर्ति जैन मंदिर अयोध्या में आयोजित समारोह एवं अवार्ड समर्पण कार्यक्रम में सबसे प्राचीन शाखा का गौरव प्राप्त दिगम्बर जैन युवा परिषद शाखा कामवन(कामां) को स्वर्ण जयंती गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। युवा परिषद के प्रदेश संयुक्त महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि कामवन शाखा की तरफ से अध्यक्ष आकाश जैन सर्राफ,पूर्व अध्यक्ष मयंक जैन व गौरव जैन ने अयोध्या में यह अवार्ड ग्रहण किया ।वृहद आयोजन में शास्वत तीर्थ अयोध्या की दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के पीठाधीश स्वस्ति रविंद्रकीर्ति स्वामी, न्यायमूर्ति विमला जी जैन भोपाल , सुरेश जैन आईएएस भोपाल, डॉ. अनुपम जैन,महासंघ महामंत्री विजय कुमार जैन, युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जीवन प्रकाश जैन,राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बड़जात्या, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन जयपुर,हसमुख गांधी इंदौर सहित अन्य राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में गौरव अवार्ड प्रदान किया गया। युवा परिषद कामवन को स्वर्ण जयंती गौरव अवार्ड प्राप्त होने से सम्पूर्ण जैन समाज मे हर्ष व्याप्त है। जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन,महामंत्री संजय बोलखेड़िया सहित विभिन्न समाजजनों ने कहा कि कार्य का परिणाम मिला है जो सुखद ही नही गौरवान्वित करने वाला है।

## मुनि बनने के बाद शाश्वत तीर्थराज की पहले बार करेंगे वंदना



**रांची ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, गुणायतन के गौरव परम पूज्य मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज अपने शिक्षा गुरु गुणायतन प्रणेता परम पूज्य मुनि श्री 108 प्रमाणसागर जी महाराज के साथ रांची से सम्मेद शिखर जी की ओर विहार कर रहे हैं। पूज्य मुनिवर 2015 बीना बारहा में दीक्षीत हुए। उसके बाद से अभी एक शाश्वत तीर्थराज की वेदना नहीं की थी। अब वह पावन समय आया है जब वे शिक्षा गुरू एवं संघ तथा श्रावकों के साथ तीर्थराज की वंदना करेंगे। ध्यान हो कि पूज्य मुनिवर ब्रह्मचारी अवस्था में इस तीर्थ पर बड़े लम्बे समय तक रहे और 270 वंदना की। सभी जानते है कि वे 4.30-5 घण्टे में पुरी वंदना करके आ जाते थे। पूज्य प्रमाण सागर जी के साथ रहकर मुनिश्री ने कठोर साधना के साथ शिखर जी की खूब वंदना की पर मुनि अवस्या में तो अब पहली वंदना तीर्थराज की करेंगे।

## प्रभु श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बेल मेटल निर्मित 'माता कौशल्या के राम' कलाकृति की भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय परंपरा और सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती बेल मेटल से निर्मित 'माता कौशल्या के राम' की अद्वितीय कलाकृति भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ वह पावन धरा है, जहाँ भगवान श्रीराम का ननिहाल स्थित है और यह भूमि प्रभु श्रीराम से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भेंट की गई यह कलाकृति प्रदेश की आस्था, परंपरा और सृजनशीलता का सजीव प्रतिरूप है, जो जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उत्कृष्ट शिल्पकौशल को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित 'श्री रामलला दर्शन योजना' के माध्यम से प्रदेश के हजारों श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर रहे हैं, जिससे आस्था और श्रद्धा को जन-जन तक जोड़ने का कार्य निरंतर हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार सेवा, संस्कार और सुशासन के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

## कलिंगा विवि द्वारा कुरूद सिविल न्यायालय में साइबर लॉ एवं डिजिटल साक्ष्य की ग्राह्यता विषय पर सेमिनार आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने 27 मार्च 2026 को सिविल न्यायालय, कुरूद में 'साइबर लॉ, डिजिटल साक्ष्य तथा न्यायालयों में डिजिटल साक्ष्य की ग्राह्यता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न्यायालय परिसर के भीतर अधिवक्ता संघ, कुरूद के सौजन्यपूर्ण सहयोग से आयोजित किया गया, जिसने सत्र के सफल संचालन एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में कार्यरत अधिवक्ताओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की गरिमा माननीय अधिवक्ता राधेश्याम, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश; अधिवक्ता रजत कुमार निसला, सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी); अधिवक्ता निलेश बघेल, सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी); अधिवक्ता रमेश पांडे, अध्यक्ष, बार एसोसिएशन; अधिवक्ता एल.पी. गोस्वामी, संरक्षक, बार एसोसिएशन; अधिवक्ता नरेश डिग्रे, उपाध्यक्ष, बार एसोसिएशन; तथा अधिवक्ता यशवंत साहू, सचिव, बार एसोसिएशन की उपस्थिति से बढ़ी। उनकी उपस्थिति ने विधिक समुदाय के सशक्त संस्थागत समर्थन को प्रदर्शित किया। विशेषज्ञ सत्र का संचालन सुश्री सलोनी त्यागी, विभागाध्यक्ष, विधि संकाय द्वारा किया गया। उन्होंने साइबर लॉ से संबंधित वैधानिक प्रावधानों, डिजिटल साक्ष्य के कानूनी ढांचे, इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों के संग्रहण एवं संरक्षण की प्रक्रियाओं, न्यायालयों में डिजिटल साक्ष्य की ग्राह्यता तथा इस क्षेत्र में हाल के न्यायिक विकासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही, विधिक कार्यवाही के दौरान डिजिटल साक्ष्य को संभालने एवं प्रस्तुत करने में अधिवक्ताओं द्वारा सामना की जाने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जागरूकता अभियान की शुरुआत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जगन्नाथ राव दानी शासकीय कन्या विद्यालय में नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम 2026 के संबंध में रायपुर नगर निगम द्वारा जागरूकता अभियान की शुभ शुरुआत की गई। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन मुख्यालय से कार्यपालन अभियंता श्री योगेश कडू एवं उप अभियंता श्री कृष्णा राठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी गई कि नए नियमों के तहत कचरे का अनिवार्य रूप से 4 भागों में पृथक्करण (segregation) किया जाना आवश्यक होगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के दो-डिब्बा (सेग्रिगेशन) मॉडल पर अपनी उत्कृष्ट समझ का परिचय दिया। साथ ही, उन्हें नए नियम 2026 के अन्य प्रावधानों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

## आरंग की गौरवगाथा पर डॉक्युमेंट्री फिल्म सोशल मीडिया में वायरल

- मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों ने की सराहना




**आरंग ( विश्व परिवार )।** ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी आरंग की समृद्ध विरासत और गौरवशाली इतिहास अब डिजिटल पर्दे पर जीवंत हो उठा है। स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आरंग की गौरवगाथा पर केंद्रित एक विशेष डॉक्युमेंट्री फिल्म का निर्माण किया गया है, जो इन दिनों विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो रही है। दर्शक इसे आरंग की धरोहर को समझने के लिए एक सशक्त माध्यम मान रहे हैं।

फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया इस डॉक्युमेंट्री का विशेष फिल्मांकन राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव-2026 के उपलक्ष्य में किया गया था। महोत्सव के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने इस लघु फिल्म को देखा और इसकी गुणवत्ता व शोध की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस डॉक्युमेंट्री की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्रभावी पटकथा और दमदार आवाज है। फिल्म की पटकथा पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक आनंदराम साहू ने तैयार की है। डॉक्युमेंट्री को अपनी गंभीर और प्रभावशाली आवाज से आकाशवाणी व दूरदर्शन के वरिष्ठ उद्घोषक शशांक खरे ने सजाया है।

## पटना-चर्लपल्ली-पटना के मध्य 15-15 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

- यात्रियों को मिलेगी कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा



**रायपुर( विश्व परिवार )।** ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पटना-चर्लपल्ली-पटना के मध्य 15-15 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा ह।

गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन, पटना से 08 अप्रैल 2026 से 27 मई 2026 तक (15 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चलेगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03254 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्ली से 15 अप्रैल 2026 से 27 मई 2026 तक (07 फेरा) प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 03255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्ली से 10 अप्रैल 2026 से 29 मई 2026 तक (08 फेरा) प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन, पटना से 08 अप्रैल 2026 से 27 मई 2026 तक (15 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को दोपहर 15.00 बजे रवाना होगी तथा मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली स्टेशन बिलासपुर में आगमन 07.40 बजे, प्रस्थान 07.45 बजे, रायपुर आगमन 09.43 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 10.10 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे, गोंदिया आगमन 12.50 बजे, प्रस्थान 12.55 बजे होते हुये प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को 03.30 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03254 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्ली से 15 अप्रैल 2026 से 27 मई 2026 तक (07 फेरा) प्रत्येक बुधवार को 23.00 बजे रवाना होगी तथा मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 11.40 बजे।

# माओवाद के अंत के बाद बस्तर में विकास को गति: केजंग में 1.20 करोड़ के कार्यों की सौगात





**कोण्डागांव।**-बस्तर क्षेत्र में माओवाद के प्रभाव के समाप्त होने के साथ अब विकास कार्यों को नई दिशा मिल रही है। इसी क्रम में शनिवार को वन मंत्री केदार कश्यप जिले के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत के 11 विकास कार्यों की सौगात दी और विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, लेकिन अब पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो चुका है। ऐसे में बस्तर संभाग भयमुक्त वातावरण में तेजी से विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ेगा और समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। भूमिपूजन किए गए कार्यों में विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क निर्माण, भवन निर्माण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। इनमें ग्राम पंचायत कुधूर, कोरमेल, जोडेंगा, पदनार, पुसपाल, मड़ागांव, केजंग, मडानार और बेतबेड़ा में सीसी सड़क, मुरमीकरण, शेड निर्माण एवं शौचालय निर्माण जैसे कार्य प्रमुख हैं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, जनपद सीईओ उत्तम महोबिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पुनर्वास नीति से बदल रही जिंदगी: कोण्डागांव में कौशल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बन रहे पुनर्वासित लोग



**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत कोण्डागांव जिले में पुनर्वासित व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। जिले में स्थापित पुनर्वास केन्द्र आज ऐसे लोगों के लिए आशा और नवजीवन का केन्द्र बन चुका है, जिन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की राह अपनाई है।जिले में वर्तमान में 48 पुनर्वासित व्यक्तियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के तहत असिस्टेंट शटरिंग कारपेंटर, गार्डनर, वाहन मेकेनिक, इलेक्ट्रिशियन तथा सिलाई-कढ़ाई जैसे रोजगारोन्मुखी ट्रेड शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रथम चरण में 38 व्यक्तियों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं वर्तमान में लाईवलीहुड कॉलेज में 10 पुनर्वासित व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें 7 को सिलाई एवं 3 को इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ा रहा है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान भी विकसित कर रहा है।पुनर्वास केन्द्र में प्रशिक्षण ले रही मड़हो बाई कोर्राम और हाड़ोबाई सोड़ी ने बताया कि वे सिलाई-कढ़ाई का कार्य सीख रही हैं और प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अपने गांव में स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। वहीं मोहन कोर्राम, जो वर्ष 2004 में माओवादी संगठन से जुड़े थे, अब पुनर्वास नीति का लाभ लेकर सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कौशल के माध्यम से वे अपने गांव में रोजगार स्थापित कर शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं।राज्य शासन द्वारा पुनर्वासित व्यक्तियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार हेतु विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। यह पहल उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शासन की पुनर्वास नीति और जनकल्याणकारी योजनाएं मिलकर पुनर्वासित लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

# शादी समारोह में संदिग्ध युवक की उपस्थिति से सनसनी, विस्फोटक जैसी सामग्री मिलने की आशंका, ग्रामीणों की सतर्कता से टली बड़ी घटना







**माकड़ी।** माकड़ी ब्लॉक के कावरा ग्राम पंचायत में उपसरपंच के विवाह समारोह के दौरान एक संदिग्ध युवक के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के पास विस्फोटक जैसी संदिग्ध सामग्री होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, ग्रामीणों की सतर्कता और सूझबूझ के चलते एक संभावित बड़ी घटना टल गई। जानकारी के अनुसार, विवाह समारोह में शामिल ग्रामीणों की नजर एक अज्ञात युवक पर पड़ी, जिसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही थीं। संदेह गहराने पर जब उसकी जांच की गई तो उसके पास से संदिग्ध सामग्री दिखाई दी। इसके बाद ग्रामीणों ने बिना देर किए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाना माकड़ी ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और संदिग्ध सामग्री की भी पड़ताल की जा रही है।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गौतम साहू ने कहा कि माकड़ी क्षेत्र हमेशा से शांतिपूर्ण रहा है और इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है।

# ग्राम उसरी में CFR एवं वन अधिकारों पर विशेष बैठक आयोजित, युवाओं ने जताई सक्रिय भागीदारी



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरी में आज दिनांक 05 अप्रैल 2026, दिन रविवार को युवा प्रकोष्ठ बस्तर ब्लॉक एवं युवा प्रकोष्ठ उसरी के तत्वाधान में पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सामुदायिक वन संसाधन (छ्स्न्नक्र), वन अधिकार अधिनियम एवं अन्य जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई कार्यक्रम में बस्तर संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री संतु मौर्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे बैठक के दौरान वक्ताओं ने वन अधिकार कानून के तहत मिलने वाले अधिकारों, ग्राम सभा की भूमिका तथा छ्स्न्नक्र के माध्यम से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार ग्रामीण अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर युवाओं ने सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए अपने विचार रखे और क्षेत्र में वन अधिकार से जुड़े मुद्दों को लेकर जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया कार्यक्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में गांव-गांव जाकर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। बैठक के अंत में सभी उपस्थित जनों ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास एवं अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# रायपुर की सड़कों पर दिखा कांकेर के शिवसैनिकों का जोश; रामनवमी पर निकाली भव्य ऐतिहासिक झांकी



**कांकेर।** कांकेर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) द्वारा एक विशाल और दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शनिवार को फूल चौक से प्रारंभ हुई इस ऐतिहासिक यात्रा में कांकेर जिले से सैकड़ों की संख्या में शिवसैनिक और रामभक्त सम्मिलित हुए, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। केसरिया रंग में रंगी राजधानी, जीवंत झांकियों ने मोहा मन प्रदेश प्रमुख डॉक्टर आनंद मल्होत्रा के सफल नेतृत्व में निकली यह शोभायात्रा रायपुर के प्रमुख मार्गों -फूल चौक, विठ्ठल मंदिर, जयस्तंभ चौक, शारदा चौक से होते हुए पुनः सभा स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान 'राम दरबार', 'लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न' और 'हनुमान जी' की जीवंत झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और व्यापारिक संघों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवसेना प्रदेश सचिव महेश वासुदेव दुबे ने कहा, ÷यह शोभायात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की एकता और अटूट विश्वास का प्रतीक है। आज युवाओं की भारी भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारा समाज अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है।÷ कांकेर जिले से प्रदेश सचिव महेश वासुदेव दुबे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रायपुर पहुँचे। इसमें प्रमुख रूप से संत पटेल, सुकचंद मंडावी, अनेश नुरुटी, मनकुवर उयके, धर्मेंद्र यादव, भोल पाल, बलराम ब्यापारी, चैनुराम शिवाना, नोहर मंडावी, बिजेश्वर चुरेंद्र, सुरेश नाग, भोला नेताम, बिदेसिंह शिवाना सहित सैकड़ों शिवसैनिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# करियर पावर अड्डा 24/7 ने अपने पहले ही वर्ष में रचा कीर्तिमान




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। 'करियर पावर अड्डा 24/7' संस्थान ने अपने संचालन के मात्र पहले ही वर्ष में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह संस्थान पिछले एक वर्ष से राजधानी में बैंक (Banking), एसएससी (SSC) और रेलवे (Railway) जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में उभरा है।

संस्थान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सुलभता है। जहाँ आज के दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग अत्यंत खर्चीली होती जा रही है, वहीं करियर पावर अड्डा 24/7 न्यूनतम फीस और सीमित शुल्क संरचना के साथ प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। कम लागत में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलने के कारण आर्थिक रूप से सामान्य पृष्ठभूमि के छात्र भी अब केंद्रीय सेवा परीक्षाओं की तैयारी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर पा रहे हैं।

संस्थान के शैक्षणिक माहौल और कड़ी मेहनत का परिणाम अब सफलताओं के रूप में सामने आने लगा है। अपने शुरुआती वर्ष में ही संस्थान ने दो गौरवशाली चयन (Selections) देकर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध कर दी है। इन सफल उम्मीदवारों में यश अग्रवाल और नीरज गुप्ता के नाम शामिल हैं। यश अग्रवाल ने देश के सबसे प्रतिष्ठित बैंकिंग संस्थान 'भारतीय स्टेट बैंक' (SBI) में क्लर्क के पद पर सफलता प्राप्त की है। वहीं, दूसरी ओर नीरज गुप्ता ने 'आरआरबी पीओ' (RRB PO) की कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण कर फाइनल सिलेक्शन हासिल किया है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. राजेश्वर वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि प्रतिभागियों को वर्तमान परीक्षा प्रणाली की बारीकियों और बदलते स्वरूप के अनुसार ढालना है। डॉ. वर्मा के अनुसार, प्रतिभागियों को परीक्षा के सटीक पैटर्न को समझाना और उन्हें मानसिक रूप से तैयार करना ही हमारा अंतिम लक्ष्य है।

संस्थान की इस सफलता के पीछे अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और एक व्यवस्थित कार्ययोजना है। यहाँ के शिक्षक जटिल विषयों को सरल बनाकर समझाने में माहिर हैं। डॉ. वर्मा ने आगे जोर देते हुए कहा कि नियमित 'मॉक टेस्ट' (Mock Test) ही किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का मूल मंत्र है। संस्थान में छात्रों के अभ्यास के लिए निरंतर मूल्यांकन की व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें अपनी कमियों को सुधारने का पर्याप्त समय मिलता है। रायपुर के युवाओं के बीच यह संस्थान अब सफलता के पर्याय के रूप में देखा जा रहा है।

# मरीन ड्राइव पर गूंजी आत्मानंद शिक्षकों की आवाज, साथियों को दी श्रद्धांजलि; मांगे पूरी न होने पर 'कलम बंद' हड़ताल की चेतावनी

## मोदी की गारंटी में खुद को ठगा महसूस कर रहे आत्मानंद शिक्षक;



**कांकेर।** कांकेर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के संविदा शिक्षकों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे इन शिक्षकों ने आज कांकेर के मरीन ड्राइव में एक विशाल कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च न केवल प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त करने के लिए था, बल्कि उन दिवंगत साथियों को याद करने के लिए भी था जिन्होंने सेवा के दौरान अपनी जान गंवा दी।

**भावपूर्ण श्रद्धांजलिः नम आंखों से याद किए गए साथी-** इस दौरान 'छ.ग. सेजेस टीचर्स एंड एम्प्लॉईज वेलफेयर एसोसिएशन' के बैनर तले शिक्षकों ने स्व. आशुतोष देवांगन सर, स्व. कौशल सर और स्व. आयुषी धावरे मैम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि ये साथी हमारे परिवार का हिस्सा थे। शिक्षकों ने कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन धारण किया और शासन-प्रशासन से उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति दिखाने की मांग की।÷मोदी की गारंटी÷ और अधूरे वादेः शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के दौरान उन्हें ÷मोदी की गारंटी÷ के तहत भविष्य की सुरक्षा का भरोसा दिया गया था। विधानसभा सत्र में बृजमोहन अग्रवाल द्वारा घोषणा के बावजूद आज तक आत्मानंद शिक्षकों को शिक्षा विभाग में मर्ज नहीं किया गया है।

**शिक्षकों की मुख्य व्यथा:**समान कार्य-समान वेतन का अभावः पिछले 5-6 वर्षों से संविदा शिक्षक एक ही मानदेय पर कार्य करने को मजबूर हैं। सुरक्षा और बीमा का शून्य प्रावधानः सड़क दुर्घटनाओं या अन्य हादसों में जान गंवाने वाले शिक्षकों के लिए किसी भी प्रकार के बीमा या ईपीएफ (श्वक्कस्न) की सुविधा नहीं है।

नियमितीकरण की मांगः कई शिक्षकों की उम्र की सीमा खत्म हो रही है, ऐसे में सरकार से अविलंब नियमितीकरण की मांग की गई है।

कलम बंद हड़ताल की चेतावनीः शिक्षकों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि सरकार जल्द ही उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो वे 'कलम बंद हड़ताल' और उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। शिक्षकों का तर्क है कि जहां आत्मानंद स्कूलों के बच्चे प्रदेश की टॉप-10 सूची में जगह बना रहे हैं और 100त्न परिणाम दे रहे हैं, वहीं उन बच्चों का भविष्य गढ़ने वाले शिक्षक खुद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।आज के इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में संविदा शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में अपनी मांगों को बुलंद किया।

# लॉ एंड ऑर्डर के मामले में पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी –कलेक्टर आकाश छिकारा

## यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध होगी चालानी कार्रवाई-पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के बैठक में दिए निर्देश



**जगदलपुर/** जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा सहित जिले के सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं विकास कार्यों को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने कहा कि जिले में लॉ एंड ऑर्डर के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए नियमों का पालन अनिवार्य है। अवैध रूप से वाहन खड़े करने, सड़क पर अतिक्रमण करने तथा यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के रैली का आयोजन और सभा करने वालों पर भी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी । पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा ने आम नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें, जिससे शहर में सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। पुलिस विभाग द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/14/आ.वि./निर्माण/2026-27 बलौदाबाजार, दिनांक :- 02.04.2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

**( द्वितीय सूचना )**

कार्यालय कलेक्टर (सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा) जिला बलौदाबाजार के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ''D'' श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर ई-निविदा दिनांक 23.04.2026 समय 5.00 बजे - तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | कार्य का नाम/स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | कार्य पुर्ण करने की अवधि (वर्षा का सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास नवागांव में क्लास रूम निर्माण कार्य। | 19.40 | 0.15 | 4 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर में दिनांक 02.04.2026 से देखी जा सकती है।

जी-262700058/1

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास बलौदाबाजार-भाटापारा**

# पूर्वजों की त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण आज सत्ता में हैं: बृजमोहन

■ पूर्वजों ने जो वृक्ष लगाए थे आज उसका फल खा रहे हैं ये न सोचे कि, सब हम कर रहे हैं




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन में रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने ओजस्वी और प्रेरणादायी संबोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास का संचार कर दिया।

अपने प्रभावशाली उद्बोधन में श्री अग्रवाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस शिखर पर पहुंची है, वह किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पीढ़ियों के त्याग, तपस्या और अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज हम जो सांसद, विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री हैं, वह अपने दम पर नहीं हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं के कंधों पर बैठकर इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि आज देशभर में भाजपा की सरकार है और छत्तीसगढ़ में श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सरकार जनसेवा के नए आयाम स्थापित कर रही है। रायपुर नगर निगम में 70 में से 60 पार्षदों का भाजपा के है आज पार्टी जहां पे भी वो कार्यकर्ताओं की मेहनत से है।

कार्यकर्ता ही पार्टी की आत्मा और सबसे बड़ी ताकत है। यदि कार्यकर्ता मजबूत है तो संगठन अजेय है।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी के रूप में कहा कि अगर कार्यकर्ता नहीं रहेंगे तो कोई भी चुनाव नहीं जीता जा सकता। इसलिए मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक—सभी को कार्यकर्ताओं की चिंता करनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही उनका कर्तव्य है। अपने जोशीले अंदाज में उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें घबराने या डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन के नेतृत्व में चल रही जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि जहां भाजपा नहीं है, वहां भी पार्टी का विस्तार करें और जनाधार को और अधिक मजबूत बनाए।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने पार्टी के संघर्षपूर्ण प्रारंभिक दौर को स्मरण करते हुए कहा कि एक समय ऐसा भी था जब कार्यकर्ताओं को जेल जाना पड़ता था, लाठियां खानी पड़ती थीं, लेकिन वे अपने विचारों से कभी विचलित नहीं हुए। उन्हीं के त्याग और बलिदान ने आज भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनाया है। उन्होंने पूज्य कुशाभाऊ ठाकरे, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई, श्री लाल कृष। आडवाणी, श्री सुंदर लाल पटवा, श्रद्धेय लखीराम अग्रवाल सहित अनेक महान नेताओं को स्मरण करते हुए कहा कि इन महान विभूतियों ने निस्वार्थ भाव से अपना सम्पूर्ण जीवन संगठन को समर्पित कर दिया। आज भाजपा जिस ऊंचाई पर है, वह उन्हीं के मार्गदर्शन और त्याग का परिणाम है।

उन्होंने ने जो वृक्ष लगाए थे आज हम उसका फल खा रहे हैं यह ना सोच यह सब हमारे दम पर हो रहा है। उन्होंने भावनात्मक रूप से कहा कि जो भी कार्यकर्ता भाजपा में आया है, वह केवल अपनी इच्छा से नहीं, बल्कि ईश्वर की इच्छा से राष्ट्रसेवा के लिए यहां आया है। इसलिए हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे पार्टी की छवि को ठेस पहुंचे।

# साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मार्च माह की गोष्ठी बरसाना क्लब हाउस महोबा बाजार में संपन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** यह गोष्ठी ग़मगीन माहौल में प्रारंभ हुई। मां सरस्वती,मां शांति देवी, मंजुला एवं हर्ष श्रीवास्तव की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया डॉ चितरंजन कर, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, लतिका भावे व डॉ जे के डागर सर ने ।सरस्वती वंदना ईरा पंत ने प्रस्तुत की। ऋचा की सचिव मीना शर्मा द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ, ऋचा की पूर्व अध्यक्ष मंजुला जी एवं हर्ष जी को श्रद्धांजलि करते हुए की गई । उप सचिव ईरा पंत ने पिछले माह की ऋचा गोष्ठी का प्रतिवेदन पढ़ा। सर्वप्रथम चंद्रकांता अग्रवाल जी द्वारा श्रद्धांजलि एवं कविता वाचन किया गया। आशा मानव जी ने मंजुला जी से जुड़ी यादें साझा की।

सुरेश तिवारी जी ने कविता वाचन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। लतिका जी ने भी मंजुला जी को याद किया श्रद्धांजलि अर्पित की मंजू यादव ने एक बहुत प्यारी कविता जो मंजुला जी के जीवन से मिलती-जुलती थी सुनाई और श्रद्धांजलि अर्पित की। नीलिमा जी ने एक भजन गा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदीप यदु सर ने अपने पुराने मित्र हर्ष जी और मंजुला जी से जुड़ी मीठी यादें साझा की और श्रद्धांजलि अर्पित की। सुनीता जी, चितरंजन कर, आचार्य अमरनाथ त्यागी, डॉ साधना कसार ने यादें साझा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मंजुला हर्ष जी की बेटी पूजा ने भी कविता के माध्यम से माता-पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। माधुरी कर जी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

सक्सेना जी और दिलीप बरवांडकर जी ने भी अपनी यादें साझा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मीना जी ने मंजुला जी की एक कविता पढ़ी शिक्षक के ऊपर।

# कार्यकर्ता पार्टी का आधार होता है: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




■ रायपुर शहर जिला भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया है कि भाजपा का कार्यकर्ता कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी के द्वारा सौंपे गए दायित्व को पूरी ईमानदारी से समयबद्ध तरीके से पूरा करते हैं। श्री साय ने सोमवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में रायपुर शहर जिला भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी का आधार है प्रत्येक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित होती है।

भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया। रायपुर शहर जिले के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भाजपा स्थापना दिवस को लेकर विभिन्न कार्यक्रम पार्टी द्वारा तय किए गए हैं जिनमें एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम कार्यकर्ता सम्मेलन भी है। भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा कार्यक्रम की तैयारी 5 अप्रैल से ही कर दी गई थी और एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय को तोरण पताका से सजाया गया था।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता कठोर परिश्रम और निष्ठा से उन कार्यों को पूरा करते हैं इसीलिए भारतीय जनता पार्टी पार्टी विद डिफरेंट है। आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनी है।श्री साय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता साल भर पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों को नीचे स्तर तक ले जाकर पहुँचने का कार्य करते हैं। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी का भी निर्वहन भाजपा का कार्यकर्ता एक जनसेवक बनकर करते हैं। श्री साय ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से पूर्ण रूप से प्रशिक्षित कर उन्हें प्रखर बनाने का कार्य भी किया जाता है। उन्होंने भाजपा के 47वे स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जोश जुनून भाजपा के कार्यकर्ताओं में सदैव रहता है। भाजपा के कार्यकर्ता सेवा समर्पण भाव से कार्य करते हैं। हर कठिन परिस्थिति में भी पार्टी के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरा करना भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्य शैली है।

# टाटीबंध में किड्स स्कूल के पास अवैध प्लॉटिंग पर लगायी रोक




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर, उपअभियंता श्री लोचन चौहान एवं नगर निवेश विभाग टीम के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत शहीद भगत सिंह वार्ड कमांक 21 क्षेत्र अंतर्गत टाटीबंध स्थित किड्सजी स्कूल के पास लगभग 25000 वर्गफीट भुखण्ड पर अवैध रुप से की जा रही प्लॉटिंग पर जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से स्थल पर किए गए मुरूम रोड को काटने की कार्रवाई कर और वहाँ का आवागमन अवरुद्ध करते हुए स्थल पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी तथा किए जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल तोड़ने की कार्रवाई की गयी.

# तिरुपति-रक्सौल-तिरुपति के मध्य सात फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आगामी समर मौसम के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा अनेक समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा ।

इसी कड़ी में रेलवे द्वारा समर के अवसर पर तिरुपति-रक्सौल मार्ग की गाड़ियों में समर मौसम होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए तिरुपति एवं रक्सौल के मध्य सात फेरे के लिये समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है । यह स्पेशल गाड़ी तिरुपति से गाड़ी संख्या 07051 नंम्बर के साथ प्रत्येक सोमवार को दिनांक 13, 20 और 27 अप्रैल, 04, 11, 18 और 25 मई, 2026 को रक्सौल के लिए रवाना होगी तथा रक्सौल से गाड़ी संख्या 07052 नम्बर के साथ प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 16, 23 और 30 अप्रैल, 07, 14, 21 और 28 मई, 2026 को तिरुपति के लिए रवाना होगी । इस समर स्पेशल ट्रेन में 03 एसी टू , 05 एसी थ्री, 10 स्लीपर, 06 सामान्य कुल 24 कोच रहेगी ।

इस गाड़ी का दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ठहराव की समय सारणी इस प्रकार है :- गाड़ी संख्या 07051 नंम्बर तिरुपति से 08.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन गोंदिया 09.10/09.25 बजे, दुर्ग 11.50/11.55 बजे, रायपुर 12.30/12.35 बजे, बिलासपुर 14.25/14.40 बजे, झारसुगुड़ा 18.05/18.07 बजे, तीसरे दिन रक्सौल 17.00 बजे पहुचेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या 07052 नम्बर रक्सौल से 03.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन झारसुगुड़ा 01.53/01.55 बजे, बिलासपुर 04.40/04.50 बजे, रायपुर 06.20/06.25 बजे, दुर्ग

# महादेव सट्टा एप डबल इंजन की सरकार में खुले आम चल रहा : कांग्रेस

**रायपुर (विश्व परिवार)।** डबल इंजन की सरकार में महादेव सट्टा एप खुले आम देशभर में चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेट फार्म, फेसबुक और इंस्ट्राग्राम में खुले आम विज्ञापन चल रहा है क्या इसकी जानकारी सरकार के पास नही है। जो सरकार अपने खिलाफ एक पोस्ट करने पर आम आदमी के एकाउंट पर प्रतिबंध लगवा देती है क्या उस सरकार को महादेव सट्टा एप के विज्ञापन की जानकारी नही है। यह विज्ञापन बताता है कि महादेव सट्टा एप पर भाजपा की राज्य और केन्द्र सरकार दोनों के संरक्षण में चल रहा है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिस महादेव बैटिंग एप को लेकर कांग्रेस पर झूठा आरोप लगा रही थी भाजपा विधानसभा चुनाव के दौरान ओछी राजनीति कर रही थी, और उक्त एप को आर्थिक बर्बादी का कारण बता रहे थे। चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के कई बड़े नेताओं ने चुनावी मंच से तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर मनगढंत झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल कर रहे थे।

# समग्र विकास व जन-सेवा भाजपा का संकल्प: किरण देव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मंगलवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नानगुर मण्डल के ग्राम जामावाड़ा में पहुँचकर 'गाँव चलो-घर चलो' अभियान की शुरुआत की ? और जामावाड़ा की ग्रामीण जनता से सीधा सम्वाद करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए चर्चा की। श्री देव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह भाजपा सरकार की मंशा है। 'गाँव चलो-घर चलो' अभियान का यही उद्देश्य भी है। विदित रहे, अपने 47वें स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा 7 से 12 अप्रैल तक सघन जनसम्पर्क करने 'गाँव चलो-घर चलो' अभियान चला रही है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने 'गाँव चलो-घर चलो' अभियान में ग्राम जामावाड़ा में 19 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया। कासरीपारा में 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण लागत 9.50 लाख, भदरागुड़ा में 300 मीटर सीसी सड़क लागत 09.50 लाख का भूमिपूजन भी श्री देव ने किया। इस दौरान श्री देव ने ग्राम का सघन भ्रमण किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों तक पहुँचकर जाकर सीधी बातचीत की। महतारी वन्दन योजना की हितग्राही महिलाओं से भी श्री देव ने चर्चा की और ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। ग्रामीणों ने बताया कि जामावाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना में 140 स्वीकृति, पेंशन योजना में 225, भूमिहीन कृषि मजदूर 31, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस के 465, प्रधानमंत्री किसान निधि में 242 लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास हो रहा है। गाँव, गरीब, किसान, महिला व युवाओं के विकास करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने क्षेत्र को दी बड़ी सौगात

# आरंग में 300 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 8.66 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर/आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में शिक्षा अधोसंरचना को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर जिले के आरंग स्थित शासकीय बद्रीप्रसाद लोधी महाविद्यालय परिसर में 300 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु ?866.28 लाख (आठ करोड़ छियासठ लाख अट्ठाईस हजार रुपये) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी के नेतृत्व में क्षेत्र में शिक्षा अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



इससे महाविद्यालय की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। उक्त परियोजना वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। अपर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है तथा वित्त विभाग की सहमति प्राप्त होने के पश्चात निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा कि प्रस्तावित ऑडिटोरियम आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलेगा और महाविद्यालय को नई पहचान प्राप्त होगी।

# कोमालिका बारी से अंजलि मुंडा तक, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ने भविष्य की प्रतिभाओं की मजबूत पाइपलाइन दिखाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 ने देशभर के जनजातीय समुदायों के खिलाड़ियों को एक साझा मंच पर एकत्रित किया, जहाँ अलग-अलग स्तर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुछ के लिए यह बहु-खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का पहला अनुभव था, तो कुछ के लिए यह उनके उभरते हुए करियर का अगला महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

इस उद्घाटन संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि पारंपरिक खेलों जैसे मल्लखंभ और कबड्डी को प्रदर्शन खेलों के रूप में शामिल किया गया।

भारत जहां 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलंपिक की संभावित मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर रहा है, ऐसे में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ने विविध जनजातीय पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और विभिन्न खेलों में भारत की बेंच स्ट्रेंथ को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया। ये खेल छत्तीसगढ़ के तीन शहरों—रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर—में आयोजित किए गए।

यहाँ कुछ ऐसे खिलाड़ियों की झलक प्रस्तुत है जो पहले से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव छोड़ रहे हैं, और कुछ ऐसे भी जिन्होंने भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन की संभावना दिखाई है।

मणिकांता एल (तैराक) खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी के रूप में उभरे मणिकांता एल ने तैराकी प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर कर्नाटक को समग्र चैंपियन बनने की मजबूत नींव दी। 21 वर्षीय मणिकांता पहले भी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीत चुके हैं और आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी तैयारी के तहत उन्होंने कई स्पर्धाओं में भाग लिया।








200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक विशेषज्ञ मणिकांता ने अधिकांश रेस में अपना दबदबा कायम रखा। उनका मानना है कि यहां का प्रदर्शन उन्हें एशियाई खेलों के क्वालिफिकेशन के लिए और अधिक फोकस के साथ तैयारी करने का आत्मविश्वास देगा।

**अंजलि मुंडा (तैराक)**

ओडिशा के जाजपुर जिले की 15 वर्षीय अंजलि मुंडा तैराकी प्रतियोगिता की सबसे चमकदार उभरती सितारों में से एक रहीं। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले, 100 मीटर बैकस्ट्रोक, 50 मीटर बैकस्ट्रोक और 4×100 मेडले में कुल पांच स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि अपने से कहीं अधिक उम्र के खिलाड़ियों को पछाड़ने की क्षमता भी दिखाई।

कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की छात्रा अंजलि अपने पहले खेलो इंडिया गेम्स में हिस्सा ले रही थीं, लेकिन प्रतियोगिता के बड़े मंच के बावजूद वह बिल्कुल भी दबाव में नहीं दिखीं। उनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने की पूरी क्षमता नजर आती है।

**कोमालिका बारी (तीरंदाज)**

दीपिका कुमारी के बाद विश्व कैडेट और विश्व यूथ चैंपियन बनने वाली दूसरी भारतीय कोमालिका बारी 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की प्रबल दावेदारों में से एक हैं। वह पुणे में चयन ट्रायल की तैयारी कर रही थीं और खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखते हुए उन्हें लगा कि यहां भाग लेना उनके लिए मूल्यवान मैच प्रैक्टिस साबित होगा।

और उनका यह निर्णय सही साबित हुआ। हालांकि वह व्यक्तिगत और मिक्स्ड टीम रिकर्व में स्वर्ण पदक जीतकर लौटीं, लेकिन झारखंड की इस तीरंदाज को हर मुकाबले में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। महिला टीम स्पर्धा में उन्हें फाइनल में नागालैंड से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**किरण पिस्दा (फुटबॉल)**

छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम की कप्तान किरण पिस्दा ने सामने से नेतृत्व किया और सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट के दौरान गोलकीपर के रूप में दस्ताने पहनकर अपनी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। किरण न सिर्फ अपनी टीम की सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं, बल्कि उन्होंने युवा टीम का शानदार नेतृत्व करते हुए यह भी दिखाया कि बेहतरीन नेतृत्व कैसे किसी टीम को बदल सकता है।

किरण पहले ही सैफ प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और क्रोएशियाई लीग में भी खेल चुकी हैं। 24 वर्षीय यह खिलाड़ी अब भारतीय राष्ट्रीय टीम में नियमित स्थान बनाने की उम्मीद कर रही हैं, क्योंकि वह किसी भी पोजीशन पर खेलने में सक्षम हैं।

**बाबूलाल हेम्ब्रम (वेटलिफ्टर)**

झारखंड के 19 वर्षीय बाबूलाल हेम्ब्रम 2024 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले अपने राज्य के पहले वेटलिफ्टर बने थे। वह अपने राज्य के पहले ऐसे अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर भी हैं जिन्होंने ढ्ढङ्खस्न वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप और एशियन यूथ चैंपियनशिप में पदक जीता है। रामगढ़ जिले के केरिबांदा गांव के रहने वाले बाबूलाल अब जूनियर से सीनियर सर्किट में कदम रख रहे हैं और साई पटियाला के नेशनल कैंप में प्रशिक्षण ले रहे हैं। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता गया।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 08 अप्रैल 2026



## कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक ली

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से डीईएएफपीपी एवं निष्क्रिय खातों,लंबित राजस्व प्रकरणों, कॉल सेंटर से प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं व अस्पतालों के आसपास गुटखा, तंबाकू या अन्य नशीली चीजें बेचने पर सख्त कार्यवाही करें।

# जीर्णोद्धार: ऐतिहासिक गवर्नमेंट स्कूल सप्रे शाला का मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत शीघ्र जीर्णोद्धार करने की तैयारी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रू. की बजट स्वीकृति अनुसार शीघ्र राजधानी शहर रायपुर में ऐतिहासिक गवर्नमेंट स्कूल, जे.आर. पाण्डेय शासकीय बहुउद्देशीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सप्रे शाला माधव राव सप्रे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला का शीघ्र जीर्णोद्धार कर उसे संवारने का कार्य नगर पालिक निगम रायपुर के माध्यम से करवाने की तैयारी की जा रही है।



आज रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने ऐतिहासिक गवर्नमेंट स्कूल, सप्रे शाला सहित बूढापारा की पुरानी शासकीय कन्या प्राथमिक शाला के पुराने भवन का निरीक्षण अधिकारियों सहित किया। रायपुर दक्षिण विधायक ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना में गवर्नमेंट स्कूल और सप्रे शाला के लिए 10 करोड का बजट स्वीकृति आने के बाद शीघ्र डीपीआर तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि शहर की प्राचीन स्कूलों को हैरिटेज के रूप में विकसित किये जाने कार्य योजना बनाने कदापि विलंब नहीं किया जाना चाहिए। यह कार्य प्राथमिकता से स्कूलों का संरक्षण कर विकास करते हुए किया जाना चाहिए जिससे उक्त स्कूले शहर सहित राज्य के विद्यार्थियों एवं नागरिको के लिए प्रेरणा का केन्द्र बिन्दु बन सके। गवर्नमेंट स्कूल और सप्रे शाला में अनेक यशस्वी विद्यार्थियों ने विद्या अर्जित की जिन्होने अपने जीवन में रायपुर शहर और छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश का नाम अपने यशपूर्ण कार्यों से गौरव दिलवाने का किया। रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी सहित नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप ने ऐतिहासिक गवर्नमेंट स्कूल सप्रे शाला एवं 1886 वर्ष के दौरान स्थापित बूढापारा की प्राथमिक कन्या शाला के पुराने भवन का सुक्ष्मता से प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री पदमाकर श्रीवास, सहायक अभियंता श्री शैलेन्द्र पटेल, उपअभियंता सुश्री अर्जिता दीवान की उपस्थिति में किया एवं अधिकारियों को डीपीआर शीघ्र ऐतिहासिक गवर्नमेंट स्कूल और सप्रे शाला की गरिमा और प्रतिष्ठा के अनुरूप तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान गवर्नमेंट स्कूल विकास समिति के श्री खेमराज वैद्य, प्राचार्य श्रीमती सुचिता पाण्डेय, व्याख्याता श्री राघवेन्द्र मिश्रा, व्यायाम शिक्षक श्री पिताम्बर पटेल, सप्रे शाला की प्राचार्य श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव एवं अन्य गवर्नमेंट स्कूल और सप्रे शाला के शिक्षक शिक्षिकाओ की उपस्थिति रही। वर्तमान में बूढापारा की शासकीय प्राथमिक कन्या शाला पूर्व में ही जर्जर भवन के कारण सप्रे शाला भवन में स्थानांतरित हो चुकी है एवं वहां एक भवन में कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक आदि गतिविधियां होती है। उक्त भवन को उसकी ऐतिहासिकता के अनुरूप संरक्षण करने योजना तैयार कर जीर्णोद्धार करने के निर्देश रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को दिये है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात कर सीएम साय ने स्थापना दिवस पर दी हार्दिक बधाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, समर्पण और राष्टहित के मूल्यों पर आधारित एक सशक्त विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की भावी रणनीतियों, संगठनात्मक विषयों तथा देश के समग्र और समावेशी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन के मार्गदर्शन में भाजपा संगठन निरंतर सशक्त हो रहा है और देशभर में जनसेवा के कार्यों को नई गति एवं दिशा मिल रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री नितिन नवीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक सुदृढ़ होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करती रहेगी तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

# पावर कंपनी के डायरेक्टर पाठक को भावभीनी विदाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय के सेवाभवन में आयोजित समारोह में डायरेक्टर (वाणिज्यिक एवं नियामक मामले) श्री आर.ए.पाठक को में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर ऊर्चा सचिव एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया। डॉ. यादव ने उनके कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना कीद्य



इस अवसर पर पावर कंपनी के निदेशकगण सर्वश्री एस.के.कटियार, आर.के.शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री पाठक ने अविभाजित मध्यप्रदेश विद्युत मंडल एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल सहित पावर कंपनीज में 41 वर्षों तक सेवाएं दीं। उन्हें अप्रैल 2025 में निदेशक पद पर राज्य शासन ने नियुक्त किया था, जुलाई में वे कार्यपालक निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए। उनका कार्यकाल पूरा होने पर पावर कंपनी में आयोजित विदाई समारोह में अध्यक्ष डॉ. यादव ने उनके व्दारा 41 वर्षों की सेवाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी कार्यक्षमता और कार्यशैली अलग थी। उन्होंने अपना कार्यकाल समर्पण एवं निर्भिकता से पूरा किया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एस के कटियार ने उनके कर्मठ कार्यशैली की प्रशंसा की साथ ही बताया कि श्री पाठक ग्रिड मैनेजमेंट में भी कुशल व्यक्ति रहे हैं। प्रबंध निदेशक (पारेषण) श्री राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि श्री पाठक चार दशक से भी ज्यादा समय विद्युत अधोसंरचना से ले कर वााणिज्यिक मामले में अपने सेवाएं दी हैं।

## कैट कार्यालय में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पटवारी का हुआ आगमन

# भारतीय व्यापार महोत्सव हेतु व्यापारियों को आमंत्रण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आज कैट कार्यालय में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री संजय पटवारी जी का आगमन



हुआ। इस अवसर पर कैट की पूरी टीम ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी जी ने भी श्री पटवारी जी का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव (BVM) देश के व्यापारियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जो स्थानीय ब्रांड्स को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रदेश के व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव से जुड़ने एवं अपने उत्पादों को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का आह्वान किया।

# सीएम साय से आस्ट्रेलिया के महावाणिज्य दूत बर्नार्ड लिंच ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में ऑस्ट्रेलिया के महावाणिज्य दूत बर्नार्ड लिंच ने सौजन्य मुलाकात की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में चल रही विकास योजनाओं, विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, पेयजल एवं पोषण सुधार के प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार इन क्षेत्रों में तेजी से काम कर रही है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से इन योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने बर्नार्ड लिंच को बेल मेटल निर्मित धातु की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, मुख्यमत्री के विशेष सचिव श्री रजत बंसल, सीनियर इकोनॉमिक रिसर्च अफसर सुश्री अनघा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शतरंज: बमलेश्वर सोनवानी अगले दौर में पहुंचे

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 के तहत आयोजित स्व. योगेश यदु स्मृति शतरंज प्रतियोगिता के नॉकआउट दौर में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला जारी है। मंगलवार को खेले गए मैच में बमलेश्वर सोनवानी ने जीत हसिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। पहले मैच में कौशल तिवारी और बमलेश्वर सोनवानी ने मुकाबले की शुरुआत संयमित अंदाज में की। शुरुआती चालों में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी रणनीति के तहत मोहरों को सधे हुए ढंग से आगे बढ़ाया। खेल के बीच में कौशल तिवारी ने आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश की, लेकिन बमलेश्वर सोनवानी ने धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए उनकी चालों का प्रभावी जवाब दिया। निर्णायक क्षण तब आया जब बमलेश्वर सोनवानी ने एक सटीक संयोजन के माध्यम से बढ़त बना ली। आखिरकार



एंडगेम में उन्होंने अपने अनुभव का पूरा लाभ उठाते हुए कौशल तिवारी को मात देकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही बमलेश्वर सोनवानी ने अगले दौर में जगह बना ली। वहीं आज के अन्य मैचों में प्रकाश शर्मा (सीनियर), विनय घाटगे, गुड्डू बैरागी, प्रदीप चंद्रवंशी व शिवम दुबे को वॉकओवर दिया गया। प्रतियोगिता के आगामी दौर को लेकर खिलाड़ियों और प्रेस क्लब सदस्यों में उत्साह बना हुआ है। मैच के निर्णायक विजय मिश्रा, शंकर चंद्राकर व विनय घाटगे रहे।

# वन मंत्री केदार कश्यप ने दी 17.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, नारायणपुर के विकास को मिली नई रफ्तार



**नारायणपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने अपने एकदिवसीय नारायणपुर प्रवास के दौरान जिले को 17 करोड़ 59 लाख 57 हजार रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले के समग्र विकास को नई दिशा और गति प्रदान की। कार्यक्रम में नेशनल हाईवे-130डी के मजबूतीकरण, आधुनिक सुविधाओं से युक्त नालंदा परिसर (सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग जोन) सहित जिला खनिज न्यास (ष्ठरूस्न) और नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत कुल 11 महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

### बेहतर सड़क, बेहतर भविष्य

उन्होंने गढ़बेंगाल चौक से बखरूपारा मार्ग के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग 130डी के मजबूतीकरण कार्य को क्षेत्र के विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण-शहरी संपर्क मजबूत होगा। इससे न केवल आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी बल्कि नागरिकों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर सहित पूरे प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## मैट्स यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान

# डॉ. क्रज़िस्टोफ स्टेक ने सूर्यनमस्कार का क्रॉस-फिटनेस अभ्यास प्रस्तुत किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मैट्स यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन विभाग द्वारा छात्रों की समग्र स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति समझ बढ़ाने के उद्देश्य से एक अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान Dr. Krzysztof Stec, सहायक प्रोफेसर, Jan Dlugosz University (UJD), पोलैंड द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन मैट्स यूनिवर्सिटी आरंग में हुआ।



व्याख्यान का विषय था सूर्यनमस्कार एक प्राचीन, सर्वसमावेशी क्रॉस-फिटनेस प्रतिमान। इस सत्र में आधुनिक फिटनेस और जीवनशैली में सूर्यनमस्कार के व्यापक लाभ और महत्व पर प्रकाश डाला गया। Dr. Stec ने सूर्यनमस्कार के वैज्ञानिक और पारंपरिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की, यह बताते हुए कि यह प्राचीन अभ्यास भारतीय संस्कृति में गहराई से निहित है और आधुनिक विज्ञान के दृष्टिकोण से भी समर्थित है। उन्होंने कहा कि सूर्यनमस्कार केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि समग्र मन-शरीर अभ्यास है। व्याख्यान में शारीरिक लाभों पर भी जोर दिया गया, जिनमें शक्ति, लचीलापन और समग्र शारीरिक सहनशक्ति में सुधार शामिल हैं। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों, जैसे तनाव में कमी, एकाग्रता में वृद्धि और भावनात्मक संतुलन, पर भी चर्चा की गई।

# प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक शक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है : शताब्दी पाण्डेय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डेय ने महतारी वन्दन योजना के तहत प्रदेशभर की 70 लाख विवाहित महिलाओं के खाते में योजना की राशि की 26वीं किश्त जमा होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार मानते हुए कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार महिलाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।



प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1 हजार रुपए महतारी वंदन की राशि सतत रूप से भेजी जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सहयोग कर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ रही है। महतारी वंदन योजना की राशि का प्रदेश की मातृशक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार उपयोग कर रही है।

महतारी वंदन योजना के तहत 26वीं किश्त प्राप्त कर लाभान्वित होने वाली महिलाओं को बधाई देते हुए श्रीमती पांडेय ने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने और महिलाओं के कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, तब से लाभार्थी महिलाओं को हर महीने नियमित रूप से 1 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही है।

ANJANEYA UNIVERSITY
KNOWLEDGE VILLAGE NARDAHA, NEAR VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR

Ph.D. ADMISSION NOTIFICATION SESSION JAN-2026

Eligible candidates are invited to apply online for the Ph.D. Programme Entrance Test 2026 at https://anjaneyauniversity.ac.in with a fee of Rs.1500/-. Candidates with valid UGC-NET/SET/GATE or equivalent scores are exempted from the entrance test but must still apply online and attend the interview.

Available seats in various disciplines for Ph.D programme are below

| Discipline | Seats | Discipline | Seats |
|---|---|---|---|
| Biochemistry | 04 | Hotel Management | 04 |
| Biotechnology | 06 | Journalism and Mass Communication | 01 |
| Botany | 05 | Law | 09 |
| Chemistry | 08 | Library Science | 02 |
| Civil Engineering | 04 | Management | 19 |
| Commerce | 09 | Mathematics | 06 |
| Computer Science | 02 | Mechanical Engineering | 11 |
| Computer Science Engineering | 12 | Microbiology | 03 |
| Economics | 06 | Pharmacy | 06 |
| Education | 15 | Physics | 05 |
| Electrical & Electronic Engineering | 01 | Political Science | 09 |
| English | 08 | Psychology | 04 |
| Geography | 04 | Sociology | 06 |
| Hindi | 06 | Yoga | 03 |
| History | 05 | Zoology | 09 |

NO. OF SEATS MAY VARY AT THE TIME OF DRC/RDC

IMPORTANT DATES

| | |
|---|---|
| Release of Admission announcement | 02-04-26 |
| Commencement of online application submission | 02-04-26 |
| Last date for submitting online application | 16-04-26 |
| Downloading of Hall tickets for written test | 16-04-26 |
| Entrance Examination (Written test) | 18-04-26 |
| Interview | 25-04-26 |
| Notification of list of selected/waitlisted candidates on the website | 28-04-26 |
| Admission counselling/Document verification | 04-05-26 |
| Commencement of classes | 08-05-26 |

For details including courses offered, eligibility, criteria, prescribed fee and entrance test, syllabus, please visit university website https://anjaneyauniversity.ac.in




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
CMA DATA
BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन
फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354